गीत और नृत्य से लता को दी श्रद्धांजलि

स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की याद में संगीतमय कार्यक्रम आयोजित

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग ने लता मंगेशकर की याद में संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हम लता के संघर्षमय जीवन से प्रेरणा लेकर जिंदगी को और बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने पार्श्व गायकी के क्षेत्र में जो आयाम स्थापित किए हैं, वे अविस्मरणीय हैं। इस मौके पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने संगीत के जरिये लता को श्रद्धांजलि दी।

भूगोल विभाग के राकेश, पोषण जीव विज्ञान की तोषी, शिक्षा विभाग की श्रीमी, सांख्यिकी विभाग से रूनजून, विशाल और सुअचमीता, पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग की ईशा, समाज शास्त्र से समृद्धि, हिंदी विभाग के आकाश, इतिहास से मनीषा और अश्वती और राजनीति विज्ञान विभाग से शिवेंद्र व शंकर ने गीतों के माध्यम से श्रद्धा अर्पित की। इसके अलावा शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नितिन ने शास्त्रीय नृत्य के जरिये लता के गाए मराठी भजन पर नृत्य किया।

लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि देते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

शिक्षकों में प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. नीलम सांगवान, डॉ. जसवंत, डॉ. रश्मि, डॉ. आरती आदि ने भी अपने गीतों से श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में की-बोर्ड पर संगत बीटेक के फ्रांसिस ने, तबला पर शंकर एवं गिटार पर विशाल ने दी। इस कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के डॉ. अभिरंजन कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने दिया।

छात्रा पूनम ने दौड़ में पाया प्रथम स्थान

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि, महेंद्रगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि कॉलेज, बावल में 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में अनेक विधाओं में शानदार प्रदर्शन किया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय पहुंचने पर टीम को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने टीम के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयोजक डॉ. दिनेश चहल ने बताया कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से अर्पित दुबे व पूनम ने समूह नृत्य, नाटक, समूह गायन, भाषण, विभिन्न खेलों व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय की छात्रा पूनम ने दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि शिविर में विभिन्न राज्यों के 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय की टीम ने उम्दा प्रदर्शन कर ईनाम जीता व स्वच्छता रैली, नुक्कड़ नाटक, रक्तदान जैसे विभिन्न प्रेरणादायी कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं विद्यार्थी : टंकेश्वर

उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालट लौटे स्वयंसेवक कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार(मध्य में), प्रो. आनंद शर्मा और डा. दिनेश चहल के साथ ● सौ. हकेंवि

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय , महेंद्रगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि कालेज, बावल में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में अनेक विधाओं में शानदार प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय पहुंचने पर टीम को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने टीम के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्वयंसेवक भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन विश्वविद्यालय व इलाके का नाम रोशन करेंगे।

छात्रा पूनम ने दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि शिविर में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, गुजरात सहित विभिन्न राज्यों के 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।

लताजी के जीवन से प्रेरणा ले जिंदगी को और बेहतर बनाएं

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग ने स्वर सम्राज्ञी स्वर्गीय लता मंगेशकर की याद में संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वर्गीय लता मंगेशकर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि हम लता जी के संघर्षमयी जीवन से प्रेरणा लेकर जिंदगी को और बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने पार्श्व गायकी के क्षेत्र में जो आयाम स्थापित किए हैं, वे अविस्मरणीय हैं।

इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सुरीले अंदाज मे संगीत के जरिए लता जी श्रद्धांजलि दी। इनमें भूगोल विभाग के राकेश, पोषण जीव विज्ञान की तोषी, शिक्षा विभाग की श्रीमी, सांख्यिकी विभाग से रूनजून, विशाल और सुअचमीता, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ईशा, समाजशास्त्र से स्मृद्धि, हिंदी विभाग के आकाश, इतिहास से मनीषा और अश्वती और राजनीति विज्ञान विभाग से शिवेन्द्र ने एवं विश्वविद्यालय मे कार्यरत शंकर ने गीतों के जरिये श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके अलावा शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य डा. नितिन ने शास्त्रीय नृत्य के जरिए लता मंगेश्कर के गाए मराठी भजन पर बेहतरीन नृत्य द्वारा श्रद्धांजलि दी। शिक्षकों में प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. नीलम सांगवान, डा. जसवंत, डा. रश्मि, डा. आरती ने भी अपने गीतों से श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में की-बोर्ड पर संगत बीटेक के फ्रांसिस ने, तबला पर शंकर एवं गिटार पर विशाल ने दी। इस कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के डा. अभिरंजन कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने दिया।

विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं विद्यार्थी : टंकेश्वर

उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय लौटे स्वयंसेवक कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार (मध्य में), प्रो. आनंद शर्मा और डा. दिनेश चहल के साथ ● सौ. हकेंवि

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय , महेंद्रगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि कालेज, बावल में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में अनेक विधाओं में शानदार प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय पहुंचने पर टीम को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने टीम के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्वयंसेवक भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन विश्वविद्यालय व इलाके का नाम रोशन करेंगे।

छात्रा पूनम ने दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि शिविर में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, गुजरात सहित विभिन्न राज्यों के 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।

लताजी के जीवन से प्रेरणा ले जिंदगी को और बेहतर बनाएं

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग ने स्वर सम्राज्ञी स्वर्गीय लता मंगेशकर की याद में संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वर्गीय लता मंगेशकर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि हम लता जी के संघर्षमयी जीवन से प्रेरणा लेकर जिंदगी को और बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने पार्श्व गायकी के क्षेत्र में जो आयाम स्थापित किए हैं, वे अविस्मरणीय हैं।

इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सुरीले अंदाज मे संगीत के जरिए लता जी श्रद्धांजलि दी। इनमें भूगोल विभाग के राकेश, पोषण जीव विज्ञान की तोषी, शिक्षा विभाग की श्रीमी, सांख्यिकी विभाग से रूनजून, विशाल और सुअचमीता, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ईशा, समाजशास्त्र से स्मृद्धि, हिंदी विभाग के आकाश, इतिहास से मनीषा और अश्वती और राजनीति विज्ञान विभाग से शिवेन्द्र ने एवं विश्वविद्यालय मे कार्यरत शंकर ने गीतों के जरिये श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके अलावा शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य डा. नितिन ने शास्त्रीय नृत्य के जरिए लता मंगेश्कर के गाए मराठी भजन पर बेहतरीन नृत्य द्वारा श्रद्धांजलि दी। शिक्षकों में प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. नीलम सांगवान, डा. जसवंत, डा. रश्मि, डा. आरती ने भी अपने गीतों से श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में की-बोर्ड पर संगत बीटेक के फ्रांसिस ने, तबला पर शंकर एवं गिटार पर विशाल ने दी। इस कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के डा. अभिरंजन कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने दिया।

महेंद्रगढ़। लता मंगेशकर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। फोटो : हरिभूमि

लता मंगेशकर की याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग ने स्वर साम्रज्ञी स्वर्गीय लता मंगेशकर की याद मे संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने स्वर्गीय लता मंगेशकर को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि हम लता के संघर्षमयी जीवन से प्रेरणा लेकर जिंदगी को और बेहतर बना सकते हैं।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Amar Ujala **Date: 01-04-2022**

गीत और नृत्य से लता को दी श्रद्धांजलि

स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की याद में संगीतमय कार्यक्रम आयोजित

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग ने लता मंगेशकर की याद में संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हम लता के संघर्षमय जीवन से प्रेरणा लेकर जिंदगी को और बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने पार्श्व गायकी के क्षेत्र में जो आयाम स्थापित किए हैं, वे अविस्मरणीय हैं। इस मौके पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने संगीत के जरिये लता को श्रद्धांजलि दी।

भूगोल विभाग के राकेश, पोषण जीव विज्ञान की तोषी, शिक्षा विभाग की श्रीमी, सांख्यिकी विभाग से रूनजून, विशाल और सुअचमीता, पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग की ईशा, समाज शास्त्र से समृद्धि, हिंदी विभाग के आकाश, इतिहास से मनीषा और अश्वती और राजनीति विज्ञान विभाग से शिवेंद्र व शंकर ने गीतों के माध्यम से श्रद्धा अर्पित की। इसके अलावा शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नितिन ने शास्त्रीय नृत्य के जरिये लता के गाए मराठी भजन पर नृत्य किया।

लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि देते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

शिक्षकों में प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. नीलम सांगवान, डॉ. जसवंत, डॉ. रश्मि, डॉ. आरती आदि ने भी अपने गीतों से श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में की-बोर्ड पर संगत बीटेक के फ्रांसिस ने, तबला पर शंकर एवं गिटार पर विशाल ने दी। इस कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के डॉ. अभिरंजन कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने दिया।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Jagran **Date: 01-04-2022**

विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं विद्यार्थी : टंकेश्वर

उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालट लौटे स्वयंसेवक कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार(मध्य में), प्रो. आनंद शर्मा और डा. दिनेश चहल के साथ ● सौ. हकेंवि

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय , महेंद्रगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि कालेज, बावल में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में अनेक विधाओं में शानदार प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय पहुंचने पर टीम को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने टीम के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्वयंसेवक भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन विश्वविद्यालय व इलाके का नाम रोशन करेंगे।

छात्रा पूनम ने दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि शिविर में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, गुजरात सहित विभिन्न राज्यों के 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।

लताजी के जीवन से प्रेरणा ले जिंदगी को और बेहतर बनाएं

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग ने स्वर सम्राज्ञी स्वर्गीय लता मंगेशकर की याद में संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वर्गीय लता मंगेशकर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि हम लता जी के संघर्षमयी जीवन से प्रेरणा लेकर जिंदगी को और बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने पार्श्व गायकी के क्षेत्र में जो आयाम स्थापित किए हैं, वे अविस्मरणीय हैं।

इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सुरीले अंदाज मे संगीत के जरिए लता जी श्रद्धांजलि दी। इनमें भूगोल विभाग के राकेश, पोषण जीव विज्ञान की तोषी, शिक्षा विभाग की श्रीमी, सांख्यिकी विभाग से रूनजून, विशाल और सुअचमीता, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ईशा, समाजशास्त्र से स्मृद्धि, हिंदी विभाग के आकाश, इतिहास से मनीषा और अश्वती और राजनीति विज्ञान विभाग से शिवेन्द्र ने एवं विश्वविद्यालय मे कार्यरत शंकर ने गीतों के जरिये श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके अलावा शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य डा. नितिन ने शास्त्रीय नृत्य के जरिए लता मंगेश्कर के गाए मराठी भजन पर बेहतरीन नृत्य द्वारा श्रद्धांजलि दी। शिक्षकों में प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. नीलम सांगवान, डा. जसवंत, डा. रश्मि, डा. आरती ने भी अपने गीतों से श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में की-बोर्ड पर संगत बीटेक के फ्रांसिस ने, तबला पर शंकर एवं गिटार पर विशाल ने दी। इस कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के डा. अभिरंजन कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने दिया।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Haribhoomi **Date: 01-04-2022**

महेंद्रगढ़। लता मंगेशकर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। फोटो : हरिभूमि

लता मंगेशकर की याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग ने स्वर साम्रज्ञी स्वर्गीय लता मंगेशकर की याद मे संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने स्वर्गीय लता मंगेशकर को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि हम लता के संघर्षमयी जीवन से प्रेरणा लेकर जिंदगी को और बेहतर बना सकते हैं।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Punjab Kesari **Date: 01-04-2022**

हकेंवि में लता मंगेशकर की याद में संगीतमयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

महेंद्रगढ़, 31 मार्च (परमजीत, मोहन): हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग ने स्वर सम्राज्ञी स्व. लता मंगेशकर की याद में संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्व. लता मंगेशकर को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि हम लता जी के संघर्षमयी जीवन से प्रेरणा लेकर जिंदगी को और बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने पार्श्व गायकी के क्षेत्र में जो आयाम स्थापित किए हैं, वे अविस्मरणीय हैं।

कार्यक्रम में स्वर सम्राज्ञी लता मंगेश्कर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सुरीले अंदाज में संगीत के जरिए लता जी को श्रद्धांजलि दी। इनमें भूगोल विभाग के राकेश, पोषण जीव विज्ञान की तोषी, शिक्षा विभाग की श्रीमी, सांख्यिकी विभाग से रूनजून, विशाल और सुअचमीता, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ईशा, समाजशास्त्र से स्मृद्धि, हिन्दी विभाग के आकाश, इतिहास से मनीषा और अश्वती तथा राजनीति विज्ञान विभाग से शिवेन्द्र एवं विश्वविद्यालय में कार्यरत शंकर ने गीतों के जरिए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इसके अलावा शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नितिन ने शास्त्रीय नृत्य के जरिए लता जी के गाए मराठी भजन पर बेहतरीन नृत्य द्वारा श्रद्धांजलि दी। शिक्षकों में प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. नीलम सांगवान, डॉ. जसवंत, डॉ. रश्मि, डॉ आरती आदि ने भी अपने गीतों से श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में की-बोर्ड पर संगत बी.टैक के फ्रांसिस, तबला पर शंकर एवं गिटार पर विशाल ने दी। इस कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के डॉ. अभिरंजन कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने दिया।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Bhaskar **Date: 01-04-2022**

छात्रा पूनम ने दौड़ में पाया प्रथम स्थान

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि, महेंद्रगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि कॉलेज, बावल में 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में अनेक विधाओं में शानदार प्रदर्शन किया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय पहुंचने पर टीम को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने टीम के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयोजक डॉ. दिनेश चहल ने बताया कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से अर्पित दुबे व पूनम ने समूह नृत्य, नाटक, समूह गायन, भाषण, विभिन्न खेलों व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय की छात्रा पूनम ने दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि शिविर में विभिन्न राज्यों के 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय की टीम ने उम्दा प्रदर्शन कर ईनाम जीता व स्वच्छता रैली, नुक्कड़ नाटक, रक्तदान जैसे विभिन्न प्रेरणादायी कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Jagran **Date: 01-04-2022**

विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं विद्यार्थी : टंकेश्वर

उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालट लौटे स्वयंसेवक कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार(मध्य में), प्रो. आनंद शर्मा और डा. दिनेश चहल के साथ • सौ. हकेंवि

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय , महेंद्रगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि कालेज, बावल में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में अनेक विधाओं में शानदार प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय पहुंचने पर टीम को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने टीम के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्वयंसेवक भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन विश्वविद्यालय व इलाके का नाम रोशन करेंगे।

छात्रा पूनम ने दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि शिविर में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, गुजरात सहित विभिन्न राज्यों के 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।

लताजी के जीवन से प्रेरणा ले जिंदगी को और बेहतर बनाएं

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग ने स्वर सम्राज्ञी स्वर्गीय लता मंगेशकर की याद में संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वर्गीय लता मंगेशकर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि हम लता जी के संघर्षमयी जीवन से प्रेरणा लेकर जिंदगी को और बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने पार्श्व गायकी के क्षेत्र में जो आयाम स्थापित किए हैं, वे अविस्मरणीय हैं।

इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सुरीले अंदाज मे संगीत के जरिए लता जी श्रद्धांजलि दी। इनमें भूगोल विभाग के राकेश, पोषण जीव विज्ञान की तोषी, शिक्षा विभाग की श्रीमी, सांख्यिकी विभाग से रूनजून, विशाल और सुअचमीता, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ईशा, समाजशास्त्र से स्मृद्धि, हिंदी विभाग के आकाश, इतिहास से मनीषा और अश्वती और राजनीति विज्ञान विभाग से शिवेन्द्र ने एवं विश्वविद्यालय मे कार्यरत शंकर ने गीतों के जरिये श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके अलावा शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य डा. नितिन ने शास्त्रीय नृत्य के जरिए लता मंगेश्कर के गाए मराठी भजन पर बेहतरीन नृत्य द्वारा श्रद्धांजलि दी। शिक्षकों में प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. नीलम सांगवान, डा. जसवंत, डा. रश्मि, डा. आरती ने भी अपने गीतों से श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में की-बोर्ड पर संगत बीटेक के फ्रांसिस ने, तबला पर शंकर एवं गिटार पर विशाल ने दी। इस कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के डा. अभिरंजन कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने दिया।

हकेंवि में लता मंगेशकर की याद में संगीतमयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम में स्वर सम्राज्ञी लता मंगेशकर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

महेंद्रगढ़, 31 मार्च (परमजीत, मोहन): हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग ने स्वर सम्राज्ञी स्व. लता मंगेशकर की याद में संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्व. लता मंगेशकर को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि हम लता जी के संघर्षमयी जीवन से प्रेरणा लेकर जिंदगी को और बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने पार्श्व गायकी के क्षेत्र में जो आयाम स्थापित किए हैं, वे अविस्मरणीय हैं।

इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सुरीले अंदाज में संगीत के जरिए लता जी को श्रद्धांजलि दी। इनमें भूगोल विभाग के राकेश, पोषण जीव विज्ञान की तोषी, शिक्षा विभाग की श्रीमी, सांख्यिकी विभाग से रूनजून, विशाल और सुअचमीता, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ईशा, समाजशास्त्र से स्मृद्धि, हिन्दी विभाग के आकाश, इतिहास से मनीषा और अश्वती तथा राजनीति विज्ञान विभाग से शिवेन्द्र एवं विश्वविद्यालय में कार्यरत शंकर ने गीतों के जरिए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इसके अलावा शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नितिन ने शास्त्रीय नृत्य के जरिए लता जी के गाए मराठी भजन पर बेहतरीन नृत्य द्वारा श्रद्धांजलि दी। शिक्षकों में प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. नीलम सांगवान, डॉ. जसवंत, डॉ. रश्मि, डॉ आरती आदि ने भी अपने गीतों से श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में की-बोर्ड पर संगत बी.टैक के फ्रांसिस, तबला पर शंकर एवं गिटार पर विशाल ने दी। इस कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के डॉ. अभिरंजन कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने दिया।

हकेंवि में सीयूईटी के तहत आवेदन आज से

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के अंतर्गत 2 अप्रैल से आरंभ हो रहे हैं। विश्वविद्यालय में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी इस प्रवेश परीक्षा के लिए 30 अप्रैल तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने नए सत्र में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप युवाओं के अध्ययन-अध्यापन, अनुसंधान, नवाचार व कौशल विकास की दिशा में प्रयासरत है।

विश्वविद्यालय में सीयूईटी के नोडल ऑफिसर प्रो. फूल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा इस बार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 2 से 30 अप्रैल तक चलेगी। प्रो. फूल सिंह ने बताया कि सत्र 2022-23 में विश्वविद्यालय स्नातक स्तर पर बीटेक, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी, बीवॉक, रिटेल एंड लॉजिस्टिक मैनेजमेंट, इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट, बायो मेडिकल साइंसेज, इंटीग्रेटिड बीएससी, एमएससी केमेस्ट्री, मैथमेटिक्स, फिजिक्स, बीएससी (ऑनर्स) मनोविज्ञान पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। संवाद

परीक्षा पे चर्चा का हुआ लाइव प्रसारण

महेंद्रगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के दौरान विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त रहने के गुर दिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा जीवन का एक सहज हिस्सा है, जीवन का एक पड़ाव है। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे परीक्षा के दौरान त्यौहार का वातावरण इसके तनाव से बचें। परीक्षा पे चर्चा 2022 का हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में लाइव प्रसारण किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके माता-पिता व अभिभावकों के लिए बहुत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए टिप्स विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रखने में अवश्य ही मददगार साबित होंगे। संवाद

हकेंवि : सीयूईटी के अंतर्गत आवेदन आज से

महेंद्रगढ़ | हकेंवि, महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के अंतर्गत 02 अप्रैल, 2022 से आरंभ हो रहे हैं। विश्वविद्यालय में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी इस प्रवेश परीक्षा के लिए 30 अप्रैल 2022 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने नए सत्र में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप युवाओं के अध्ययन- अध्यापन, अनुसंधान, नवाचार व कौशल विकास की दिशा में प्रयासरत है। विश्वविद्यालय में सीयूईटी के नोडल ऑफिसर प्रो. फूल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा इस बार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 2 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगी। इस परीक्षा के आधार पर ही विश्वविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले करेगा। उन्होंने बताया कि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु विवरण शीघ्र ही जारी किया जाएगा। प्रो. फूल सिंह ने बताया कि सत्र 2022-23 में विश्वविद्यालय स्नातक स्तर पर बी.टेक. सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी, बीवॉक रिटेल एंड लॉजिस्टिक मैनेजमेंट, इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट, बायोमेडिकल साइंसेज, इंटीग्रेटेड बीएससी एमएससी केमेस्ट्री, मैथेमेटिक्स, फिजिक्स, बीएससी (ऑनर्स) मनोविज्ञान पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।

प्रजापति समाज में अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों का खर्च महासभा वहन करेगी

मंडी अटेली | राष्ट्रीय प्रजापति महासभा जिले की मासिक बैठक शुक्रवार को ठाकुरजी के मंदिर मिर्जापुर-बाछौद में हुई, जिसकी अध्यक्षता ओम प्रकाश भाटी ने की। इस अवसर पर हवलदार अमीर सिंह ने सभा के सदस्यों के साथ मिलकर मंदिर परिसर में बनी बगीची में गुलाब का पौधा लगाकर कहा कि जीवन में हर एक व्यक्ति को प्रतिवर्ष एक पौधा लगाकर साल की शुरुआत करनी चाहिए। जिला प्रधान विजय सिंह जाट गुवाना सभा में कहा कि प्रजापति समाज में जो भी परिवार दहेज रहित शादी करेगा, उस परिवार को सभा की ओर से सम्मानित किया जाएगा। ताकि दहेज प्रथा पर अंकुश लगाया जा सकेगा। इसके साथ शिक्षा के क्षेत्र में प्रजापति समाज में अगर कोई विद्यार्थी अच्छे अंक लाता है तो सभा उस विद्यार्थी को सम्मानित करेगी तथा उसकी शिक्षा का खर्च उठाएगी। इस मौके पर सर्व सहमति से बाछौद का ग्राम प्रधान मुकेश कुमार व जाट गुवाना का मुंशीराम को नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने कहा कि जल्द ही पूरे जिले में एक टीम तैयार की जा रही है जो समाज में फैल रहे नशे को दूर करने के लिए क्षेत्र के लोगों को जागरूक करेगी। इस मौके पर बिल्लू ठेकेदार, रामकुमार, मुकेश पंच, सतीश कुमार, रूपचंद, महावीर, नरेश, हवलदार वीर सिंह उपस्थित रहे।

सोहला में स्कूल रेडीनस मेले का आयोजन

महेंद्रगढ़ | गांव सोहला में स्कूल रेडीनस मेले का आयोजन किया गया। सुबह प्रभात फेरी भी निकाली गई। मेले में सुपरवाइजर सीमा देवी व प्राथमिक विद्यालय सोहला के अध्यापकों ने प्रमुख भूमिका निभाई। मेले में बच्चों के माता-पिता को स्कूल में बच्चों को भेजने की तैयारी करने को कहा गया। इस दौरान प्रदर्शनी व रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया तथा बच्चों के पांचों विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर आंगनबाड़ी वर्कर सरोज देवी व सुभान्ता ने कहा कि स्कूल रेडीनेस मेले में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को आंगनबाड़ी प्ले स्कूलों में भेजें जिससे कि उनका सर्वांगीण विकास हो। उन्होंने अभिभावकों को कहा कि वह बच्चों के सर्वांगीण विकास और भविष्य को लेकर जागरूक हो।

आदलपुर आंगनबाड़ी केन्द्र से सामान चोरी

आकोदा | आदलपुर स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में चोरी का मामला प्रकाश में आया है। आंगनबाड़ी वर्कर पुष्पा व हेल्पर सीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब वीरवार सुबह 9 बजे वह आंगनबाड़ी केन्द्र पर पहुंची तो केन्द्र का ताला टूटा हुआ था। जिसमें से अज्ञात चोर ने दो कट्टे आटा व एक कट्टा चावल, बैटरी व कंट्रोलर आदि चोरी कर लिया है। जिसके संबंध में विभाग के अधिकारियों व सरपंच को अवगत करवाया। जिसके बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी गई है।

बाइक रोक मारपीट व जान से मारने की धमकी, पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ किया मामला दर्ज

कनीना | गांव पड़तल के पास रात के समय ड्यूटी से घर आ रहे एक व्यक्ति की बाइक रोकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित अशोक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 मार्च को रात्रि करीब 9 बजे अपनी ड्यूटी खत्म करके घर आ रहा था। जब वह अपने खेतों में पहुंचा तो उसने देखा की उसके खेत में जयसिंह व एक अन्य व्यक्ति शराब का सेवन कर रहे है। अशोक ने बताया कि जब उसने उन्हें खेत में शराब पीने से मना किया तो वे उसके साथ गाली गलोच करने लगे। जिसके बाद वह घर आ गया। अशोक ने बताया कि 30 मार्च को रात्रि करीब 8:30 बजे जब वह घर आ रहा था तो जयसिंह ने उसकी बाइक के सामने बाइक लगाकर रास्ते में रोक लिया। इस दौरान उसके साथ दिनेश था। जिसके हाथों में लकड़ी के डंडे थे। जिन्होंने बाइक रोकते ही उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब उसने शोक मचाना शुरू किए तो वे उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। पुलिस ने अशोक कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हकेंवि में सीयूईटी के अंतर्गत आवेदन आज से

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के अंतर्गत दो अप्रैल से आरंभ हो रहे हैं। विश्वविद्यालय में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी इस प्रवेश परीक्षा के लिए 30 अप्रैल तक आनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने नए सत्र में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप युवाओं के अध्ययन-अध्यापन, अनुसंधान, नवाचार व कौशल विकास की दिशा में प्रयासरत है।

विश्वविद्यालय में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी इस प्रवेश परीक्षा के लिए 30 अप्रैल तक आनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं

विश्वविद्यालय में सीयूईटी के नोडल आफिसर प्रो. फूलसिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा इस बार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया दो से 30 अप्रैल तक चलेगी। इस परीक्षा के आधार पर ही विश्वविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले करेगा। उन्होंने बताया कि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु विवरण शीघ्र ही जारी किया जाएगा। प्रो. फूल सिंह ने बताया कि सत्र 2022-23 में विश्वविद्यालय स्नातक स्तर पर बीटेक सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी, बीवॉक, रिटेल एंड लोजिस्टिक मैनेजमेंट, इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट, बायोमेडिकल साइंसेज, इंटीग्रेटेड बीएससी, एमएससी, केमेस्ट्री, मैथेमेटिक्स, फिजिक्स, बीएससी (आनर्स) मनोविज्ञान पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।

परीक्षा पे चर्चा 2022 का हरियाणा केंद्रीय विवि में हुआ लाइव प्रसारण

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, शिक्षक व कर्मचारी ● सौ-हकेंवि

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त रहने के टिप्स दिए।

उन्होंने कहा कि परीक्षा जीवन का एक सहज हिस्सा है, जीवन का एक पड़ाव है। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे परीक्षा के दौरान त्योहार का वातावरण होने से इसके तनाव से बचें। 'परीक्षा पे चर्चा 2022' का हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में लाइव प्रसारण किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके माता-पिता व अभिभावकों के लिए बहुत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए टिप्स विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रखने में अवश्य ही मददगार साबित होंगे।

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा एनएसएस इकाई के सहयोग से विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मूल चंद शर्मा सभागार, मिनी आडिटोरियम, शिक्षा पीठ के सेमिनार हाल और प्रशासनिक भवन के सेमिनार हाल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा के दौरान तनाव, आनलाइन शिक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति आदि विषयों पर दिए गए टिप्स विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार करेंगे। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक देखा।

विवि में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक देखा

अब हरियाणा के अजा के युवा धन के अभाव में नहीं पिछड़ेंगे

मुफ्त में करेंगे आइएएस की तैयारी, विकास में दे सकेंगे योगदान

बलवान शर्मा • नारनौल

हरियाणा के अनुसूचित जाति के युवाओं के आइएएस अधिकारी बनने का सपना अब धन के अभाव में अधूरा नहीं रहेगा, बल्कि बगैर मोटी रकम खर्च किए मुफ्त में यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे। यह सपना साकार करने जा रहा है हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ और डा. आंबेडकर सेंटर आफ एक्सीलेंस (डेक)। इसके लिए दोनों संस्थाओं के बीच जल्द ही एमओयू साइन होने जा रहा है।

यहां यह भी स्पष्ट कर दें कि डा. आंबेडकर सेंटर आफ एक्सीलेंस ने पूरे देश के 30 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अनुसूचित जाति के युवाओं को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने के लिए सेंटर खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दैनिक जागरण के साथ विशेष बातचीत में बताया कि जल्द ही डेक के साथ एमओयू साइन किया जाएगा।

इसके लिए विश्वविद्यालय में हर साल 100 छात्रों को यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करवाई जाएगी। डेक द्वारा इसके लिए विश्वविद्यालय को प्रति छात्र 75 हजार रुपये ग्रांट दी जाएगी। एक साल में 75 लाख रुपये का भुगतान होगा। इससे अच्छे शिक्षकों से छात्रों को कोचिंग दी जाएगी।

हरियाणा में यह एकमात्र सेंटर होगा, जहां पर इस तरह की बेहतरीन सेवा शुरू होने जा रही है। अनुसूचित जाति के युवाओं को सशक्त करने के लिए उठाए जा रहे इस कदम में 33 प्रतिशत महिला उम्मीदवार शामिल की जाएंगी। इससे बेटियों को भी आगे बढ़ाया जा सकेगा। इस कार्य के संचालन के लिए एक प्रोग्राम कोर्डिनेटर और तीन शिक्षक तैनात होंगे।

प्रो. टंकेश्वर कुमार •

पहल

- हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में खुलेगा मुफ्त कोचिंग केंद्र
- डेक हर साल खर्च करेगा 75 लाख रुपये
- हरियाणा में एकमात्र केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में खोला जाएगा केंद्र

हरियाणा केंद्रीय विवि में पैथ लैब तैयार

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में पैथ लैब तैयार हो गई है। इसके साथ ही एक चिकित्सक ने यहां पर कार्य करना शुरू कर दिया है और दूसरा जल्द ही नियुक्त कर लिया जाएगा। फिलहाल पैथ लैब के लिए सभी उपकरण उपलब्ध करवा दिए गए है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में मेडिकल से संबंधित सुविधाओं को बढ़ाना शुरू कर दिया गया है। पैथलैब बन चुकी है। दूसरी सुविधाएं भी तेजी से बढ़ाई जा रही है। हालांकि यहां पर मेडिकल कालेज की स्थापना का फैसला स्वास्थ्य मंत्री या सरकार को करना है। हम इसके लिए ढांचा व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने को तैयार हैं।

हरिभूमि

रोहतक -महेन्द्रगढ़

2 Apr 2022

केंद्रीय विश्वविद्यालय सीयूईटी के अंतर्गत आवेदन आज से

स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए विद्यार्थी कर सकेंगे आवेदन

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विवि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप युवाओं के अध्ययन-अध्यापन, अनुसंधान, नवाचार व कौशल विकास की दिशा में प्रयासरत है।

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्त्रमों में दाखिले विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा दो अप्रैल से आरंभ हो रही हैं। विद्यार्थी 30 अप्रैल 2022 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। नोडल ऑफिसर प्रो. फूलसिंह ने बताया कि बीटेक, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी, बीवॉक, रिटेल एंड लोजिस्टिक मैनेजमेंट, इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट, बायोमेडिकल साइंसेज, इंटीग्रेटेड बीएससी, एमएससी, कैमेस्ट्री, मैथेमेटिक्स, फिजिक्स, बीएससी मनोविज्ञान पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। विवरण शीघ्र जारी किया जाएगा।

कार्यक्रम

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना राज्यों के विद्यार्थियों ने मनाया पर्व

हकेंविवि में परंपरागत ढंग से मनाया उगादि पर्व

संवाद न्यूज एजेंसी

कार्यक्रम में पूजा अर्चना करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व प्रो. सुनीता श्रीवास्तव। संवाद

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में हिंदू नववर्ष व उगादि पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के सहयोग से विश्वविद्यालय में अध्ययनरत आंध्र प्रदेश, तेलंगाना राज्यों के विद्यार्थियों ने यह पर्व पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व उनकी पत्नी प्रो. सुनीता श्रीवास्तव कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रो. मूल चंद शर्मा सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व प्रो. सुनीता श्रीवास्तव द्वारा पूजा-अर्चना के साथ हुई। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हिंदू नववर्ष व उगादि पर्व के महत्त्व से अवगत कराते हुए कहा कि चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा को वर्ष प्रतिपदा या युगादि भी कहा जाता है। इस दिन हिंदू नववर्ष का आरंभ होता है। विजय के प्रतीक रूप में शालिवाहन शक का प्रारंभ इसी दिन से होता है। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना सहित तेलुगु भाषी प्रदेशों में 'उगादि' और महाराष्ट्र में यह पर्व 'गुड़ी पड़वा' के रूप में मनाया जाता है।

प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मिनी इंडिया की झलक देखने को मिलती है और इस प्रकार के आयोजनों से हमें एक-दूसरे की संस्कृति व परंपराओं से रुबरु होने का अवसर मिलता है।

हकेंवि में रीति-रिवाज से मनाया गया उगादि पर्व

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि, महेंद्रगढ़ में शनिवार को हिंदू नववर्ष व उगादि पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के सहयोग से विश्वविद्यालय में अध्ययनरत आंध्र प्रदेश तेलंगाना राज्यों के विद्यार्थियों ने यह पर्व पारम्परिक रीति-रिवाज के साथ मनाया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व उनकी पत्नी प्रो. सुनीता श्रीवास्तव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के प्रो. मूल चंद शर्मा सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व प्रो. सुनीता श्रीवास्तव द्वारा पूजा-अर्चना के साथ हुई। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हिंदू नववर्ष व उगादि पर्व के महत्त्व से अवगत कराते हुए कहा कि चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा को वर्ष प्रतिपदा या युगादि भी कहा जाता है। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों द्वारा अयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में मंच का संचालन छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक आचार्य डॉ. मुलाका मारुति ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. मुरलीधर, महेंद्र के सहित विद्यार्थी साई गणेश, अजय, विष्णु, पुनीत, फ्रांसिस, मेघना रेड्डी तथा अनिरुद्ध आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा, शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान सहित विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

हकेंवि में मनाया गया उगादि पर्व

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में शनिवार को हिंदू नववर्ष व उगादि पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के सहयोग से विश्वविद्यालय में अध्ययनरत आंध्र प्रदेश तेलंगाना राज्य के विद्यार्थियों ने यह पर्व पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व उनकी पत्नी प्रो. सुनीता श्रीवास्तव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मां बच्चे की पहली शिक्षक : डॉ. फोगाट

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में व्यवसायिक नैतिकता विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ द्वारा आयोजित व्याख्यान में राजकीय शिक्षण महाविद्यालय, चंडीगढ़ के सह-आचार्य डॉ. विजय फोगाट विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव, आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर व शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने विशेषज्ञ वक्ता व सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। तत्पश्चात शिक्षा पीठ के प्रो. प्रमोद कुमार ने विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. विजय फोगाट ने व्यवसायिक नैतिकता पर व्याख्यान देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि मां बच्चे की पहली शिक्षक होती है। उन्होंने उदाहरण के माध्यम से बताया कि क्यों एक शिक्षक के लिए नैतिकता आवश्यक है।

प्रतिभागियों को संबोधित करते डॉ. विजय फोगाट। संवाद

व्याख्यान • हकेंवि में व्यवसायिक नैतिकता पर विशेषज्ञ व्याख्यान का हुआ आयोजन

राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का अहम योगदान...

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हकेंवि, महेंद्रगढ़ में व्यवसायिक नैतिकता विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ द्वारा आयोजित इस व्याख्यान में राजकीय शिक्षण महाविद्यालय, चंडीगढ़ के सह-आचार्य डॉ. विजय फोगाट विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव, आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर व शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने विशेषज्ञ वक्ता व सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। तत्पश्चात शिक्षा पीठ के प्रो. प्रमोद कुमार ने विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. विजय फोगाट ने व्यवसायिक नैतिकता पर व्याख्यान देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि बच्चे की पहली शिक्षक मां होती है। उन्होंने कहा कि पेशे का एक लाइसेंस होता है और नियम या नैतिकता तोड़ने पर लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों में पेशेवर और नैतिक चेतना तथा उनकी नैतिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाने पर जोर दिया। व्याख्यान के दौरान सवाल-जवाब सत्र का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा पीठ के विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे।

हकेंवि में व्यवसायिक नैतिकता पर व्याख्यान

संस, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में व्यवसायिक नैतिकता विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ द्वारा आयोजित इस व्याख्यान में राजकीय शिक्षण महाविद्यालय, चंडीगढ़ के सह-आचार्य डा. विजय फोगाट विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव, आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर व शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने विशेषज्ञ वक्ता व सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। शिक्षा पीठ के प्रो. प्रमोद कुमार ने विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Extension Lecture on "Professional Ethics"

Newspaper: Amar Ujala **Date: 07-04-2022**

मां बच्चे की पहली शिक्षक : डॉ. फोगाट

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में व्यवसायिक नैतिकता विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ द्वारा आयोजित व्याख्यान में राजकीय शिक्षण महाविद्यालय, चंडीगढ़ के सह-आचार्य डॉ. विजय फोगाट विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव, आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर व शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने विशेषज्ञ वक्ता व सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। तत्पश्चात शिक्षा पीठ के प्रो. प्रमोद कुमार ने विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. विजय फोगाट ने व्यवसायिक नैतिकता पर व्याख्यान देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि मां बच्चे की पहली शिक्षक होती है। उन्होंने उदाहरण के माध्यम से बताया कि क्यों एक शिक्षक के लिए नैतिकता आवश्यक है।

प्रतिभागियों को संबोधित करते डॉ. विजय फोगाट। संवाद

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Bhaskar **Date: 07-04-2022**

व्याख्यान • हकेंवि में व्यवसायिक नैतिकता पर विशेषज्ञ व्याख्यान का हुआ आयोजन

राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का अहम योगदान...

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि, महेंद्रगढ़ में व्यवसायिक नैतिकता विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ द्वारा आयोजित इस व्याख्यान में राजकीय शिक्षण महाविद्यालय, चंडीगढ़ के सह-आचार्य डॉ. विजय फोगाट विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव, आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर व शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने विशेषज्ञ वक्ता व सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। तत्पश्चात शिक्षा पीठ के प्रो. प्रमोद कुमार ने विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. विजय फोगाट ने व्यवसायिक नैतिकता पर व्याख्यान देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि बच्चे की पहली शिक्षक मां होती है। उन्होंने कहा कि पेशे का एक लाइसेंस होता है और नियम या नैतिकता तोड़ने पर लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों में पेशेवर और नैतिक चेतना तथा उनकी नैतिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाने पर जोर दिया। व्याख्यान के दौरान सवाल-जवाब सत्र का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा पीठ के विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Jagran **Date: 07-04-2022**

हकेंवि में व्यवसायिक नैतिकता पर व्याख्यान

संस, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में व्यवसायिक नैतिकता विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ द्वारा आयोजित इस व्याख्यान में राजकीय शिक्षण महाविद्यालय, चंडीगढ़ के सह-आचार्य डा. विजय फोगाट विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव, आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर व शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने विशेषज्ञ वक्ता व सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। शिक्षा पीठ के प्रो. प्रमोद कुमार ने विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Punjab Kesari **Date: 07-04-2022**

हकेंवि में व्यावसायिक नैतिकता पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

महेंद्रगढ़, 6 अप्रैल (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में व्यावसायिक नैतिकता विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ द्वारा आयोजित इस व्याख्यान में राजकीय शिक्षण महाविद्यालय, चंडीगढ़ के सह-आचार्य डॉ. विजय फोगाट विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव, आजादी का अमृत

हकेंवि में आयोजित व्याख्यान में विशेषज्ञ के साथ कुलसचिव व अन्य शिक्षक।

महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर व शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने विशेषज्ञ वक्ता व सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। तत्पश्चात शिक्षा पीठ के प्रो. प्रमोद कुमार ने विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. विजय फोगाट ने व्यावसायिक नैतिकता पर व्याख्यान देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि मां बच्चे की पहली शिक्षक होती है। उन्होंने उदाहरण के माध्यम से बताया कि क्यों एक शिक्षक के लिए नैतिकता आवश्यक है। उन्होंने व्यवसायिक नैतिकता पर विस्तार से चर्चा की और शिक्षण क्षेत्र के विभिन्न मानकों व मानदंडों से प्रतिभागियों को अवगत करवाया। डॉ. फोगाट ने बताया कि हर पेशे का एक लाइसैंस होता है और नियम या नैतिकता तोड़ने पर लाइसैंस रद्द किया जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों में पेशेवर और नैतिक चेतना तथा उनकी नैतिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाने पर जोर दिया।

व्याख्यान के दौरान सवाल-जवाब सत्र का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन देते हुए प्रो. प्रमोद कुमार ने कहा कि निश्चित ही इस व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम में शिक्षा पीठ के विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे।

हकेंवि में व्यावसायिक नैतिकता पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

महेंद्रगढ़, 6 अप्रैल (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में व्यावसायिक नैतिकता विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ द्वारा आयोजित इस व्याख्यान में राजकीय शिक्षण महाविद्यालय, चंडीगढ़ के सह-आचार्य डॉ. विजय फोगाट विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव, आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर व शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने विशेषज्ञ वक्ता व सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। तत्पश्चात शिक्षा पीठ के प्रो. प्रमोद कुमार ने विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया।

हकेंवि में आयोजित व्याख्यान में विशेषज्ञ के साथ कुलसचिव व अन्य शिक्षक।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. विजय फोगाट ने व्यावसायिक नैतिकता पर व्याख्यान देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि मां बच्चे की पहली शिक्षक होती है। उन्होंने उदाहरण के माध्यम से बताया कि क्यों एक शिक्षक के लिए नैतिकता आवश्यक है। उन्होंने व्यवसायिक नैतिकता पर विस्तार से चर्चा की और शिक्षण क्षेत्र के विभिन्न मानकों व मानदंडों से प्रतिभागियों को अवगत करवाया। डॉ. फोगाट ने बताया कि हर पेशे का एक लाइसैंस होता है और नियम या नैतिकता तोड़ने पर लाइसैंस रद्द किया जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों में पेशेवर और नैतिक चेतना तथा उनकी नैतिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाने पर जोर दिया।

व्याख्यान के दौरान सवाल-जवाब सत्र का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन देते हुए प्रो. प्रमोद कुमार ने कहा कि निश्चित ही इस व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम में शिक्षा पीठ के विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे।

उद्यमिता विकास में स्वावलंबी भारत अभियान महत्वपूर्ण प्रयास : प्रो. टंकेश्वर

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि)के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।

व्याख्यान का विषय सस्टेनेबल एंटरप्रेन्योरशिप एंड यूथ डेवलपमेंट रहा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वावलंबी भारत अभियान आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए कार्यरत संगठनों की एक उल्लेखनीय, सराहनीय सामूहिक पहल है। इसके माध्यम से अवश्य ही रोजगार व उद्यमिता के विकास में मदद मिलेगी। व्याख्यान में यूनाइटेड इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, ढाका, बांग्लादेश की सहायक निदेशक जेनिफर हुसैन ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में प्रतिभागियों को संबोधित किया।

इस अवसर पर संकाय सदस्य विकास, डॉ. दिलबाग, विक्रांत और सुश्री शिखा भी उपस्थित रहे।

हकेंकेवि में विज्ञानोत्सव के अंतर्गत लगाया अंतरराष्ट्रीय वेबिनार

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विज्ञानोत्सव मनाया गया। विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग द्वारा मेटा-अनालिसिस विद एन एप्लिकेशन विषय पर अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार का उद्देश्य सांख्यिकीय मेटा-विश्लेषण की अवधारणा से प्रतिभागियों को अवगत कराना रहा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि वेबिनार के माध्यम से उचित शोध पद्धति और विभिन्न सांख्यिकीय तकनीकों को लागू करके उनके विश्लेषण में अवश्य मदद मिलेगी। बहुत कम लागत से इस क्षेत्र में उद्यमिता की शुरुआत की जा सकती है। संवाद

'स्वावलंबी भारत अभियान से उद्यमिता के विकास को मिलेगी गति'

महेंद्रगढ़ | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग की ओर से स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। स्वावलंबी भारत अभियान के सहयोग से उद्यमिता के विकास हेतु जारी प्रयासों के अंतर्गत आयोजित इस व्याख्यान का विषय सस्टेनेबल एंटरप्रेन्योरशिप एंड यूथ डेवलपमेंट रहा। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वावलंबी भारत अभियान आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए कार्यरत संगठनों की एक उल्लेखनीय, सराहनीय सामूहिक पहल है। इसके माध्यम से अवश्य ही रोजगार व उद्यमिता के विकास में मदद मिलेगी। व्याख्यान में यूनाइटेड इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, ढाका, बांग्लादेश की सहायक निदेशक जेनिफर हुसैन ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उद्यमिता के अवसर पैदा करने के लिए अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास पर जोर दिया। पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रणबीर सिंह ने कहा कि देश में पर्यटन उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। जिसमें रोजगार के भरपूर अवसर हैं। बहुत कम लागत से इस क्षेत्र में उद्यमिता की शुरुआत की जा सकती है। सहायक आचार्य विकास सिवाच ने विशेषज्ञ वक्ता और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संकाय सदस्य विकास, डॉ. दिलबाग, विक्रांत और सुश्री शिखा भी उपस्थित थीं।

शोध पद्धति व सांख्यिकीय तकनीकों से विश्लेषण में मिलेगी मदद : वीसी

हकेंवि में विज्ञानोत्सव के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का किया आयोजन

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि, महेंद्रगढ़ में विज्ञानोत्सव मनाया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग द्वारा मेटा-अनालिसिस विद एन एप्लिकेशन विषय पर अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार का उद्देश्य सांख्यिकीय मेटा-विश्लेषण की अवधारणा से प्रतिभागियों को अवगत कराना रहा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि वेबिनार के माध्यम से उचित शोध पद्धति और विभिन्न सांख्यिकीय तकनीकों को लागू करके उनके विश्लेषण में अवश्य मदद मिलेगी।

वेबिनार में यूनिवर्सिटी ऑफ मेरीलेंड के प्रो. बिमल सिन्हा विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत वेबिनार में विशेषज्ञ प्रो. बिमल सिन्हा ने कहा कि सांख्यिकीय मेटा-विश्लेषण वैध सांख्यिकीय विधियों को विकसित करने से संबंधित है जिनका उपयोग कई स्वतंत्र अध्ययनों के परिणामों को एक समान लक्ष्य के साथ संयोजित करने के लिए किया जा सकता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव व आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर प्रो. सारिका शर्मा व विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद कुमार उपस्थित रहे। वेबिनार में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

उद्यमिता विकास में स्वावलंबी भारत अभियान महत्वपूर्ण प्रयास : टंकेश्वर

इसके माध्यम से अवश्य ही रोजगार व उद्यमिता के विकास में मदद मिलेगी

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। स्वावलंबी भारत अभियान के सहयोग से उद्यमिता के विकास हेतु जारी प्रयासों के अंतर्गत आयोजित इस व्याख्यान का विषय सस्टेनेबल एंटरप्रेन्योरशिप एंड यूथ डेवलपमेंट रहा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश के माध्यम से कहा कि स्वावलंबी भारत अभियान आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए कार्यरत संगठनों की एक उल्लेखनीय, सराहनीय सामूहिक पहल है। इसके माध्यम से अवश्य ही रोजगार व उद्यमिता के विकास में मदद मिलेगी। व्याख्यान में यूनाइटेड इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, ढाका, बांग्लादेश की सहायक निदेशक जेनिफर हुसैन ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में प्रतिभागियों को संबोधित किया।

हकेंवि में आयोजित विशेषज्ञ व्याख्यान के बाद विशेषज्ञ के साथ शिक्षक एवं प्रतिभागी ● सौ. हकेंवि

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में कहा कि भारत दुनिया का युवा देश है और यहां उपलब्ध युवा शक्ति के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करने की दिशा में विशेष प्रयासों की आवश्यकता है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम युवाओं को समकालीन समय की आवश्यकताओं के अनुसार नए कौशल सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय निश्चित रूप से इस दिशा में उपलब्ध ज्ञान और संसाधन साझेदारी के लिए सहयोग करेगा। विशेषज्ञ वक्ता जेनिफर हुसैन ने अपने संबोधन में उद्यमिता के अवसर पैदा करने के लिए अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे भारत के युवा उद्यमी पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में रोजगार प्रदाता बन रहे हैं।विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डा. रणबीर सिंह ने कहा कि देश में पर्यटन उद्योग तेजी से बढ़ रहा है जिसमें रोजगार के भरपूर अवसर हैं। उन्होंने कहा कि बहुत कम लागत से इस क्षेत्र में उद्यमिता की शुरुआत की जा सकती है। व्याख्यान के अंत में सहायक आचार्य विकास सिवाच ने विशेषज्ञ वक्ता और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संकाय सदस्य विकास, डा. दिलबाग, विक्रांत और शिखा भी उपस्थित थीं। व्याख्यान में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

हकेंवि में अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आयोजित

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विज्ञानोत्सव मनाया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग द्वारा मेटा-अनालिसिस विद एन एप्लिकेशन विषय पर अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार का उद्देश्य सांख्यिकीय मेटा-विश्लेषण की अवधारणा से प्रतिभागियों को अवगत कराना रहा।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

International webinar on
An Introduction to Statistical Meta-Analysis with an Application

Newspaper: Amar Ujala **Date: 09-04-2022**

हकेंकेवि में विज्ञानोत्सव के अंतर्गत लगाया अंतरराष्ट्रीय वेबिनार

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विज्ञानोत्सव मनाया गया। विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग द्वारा मेटा-अनालिसिस विद एन एप्लिकेशन विषय पर अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार का उद्देश्य सांख्यिकीय मेटा-विश्लेषण की अवधारणा से प्रतिभागियों को अवगत कराना रहा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि वेबिनार के माध्यम से उचित शोध पद्धति और विभिन्न सांख्यिकीय तकनीकों को लागू करके उनके विश्लेषण में अवश्य मदद मिलेगी। बहुत कम लागत से इस क्षेत्र में उद्यमिता की शुरुआत की जा सकती है। संवाद

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Bhaskar **Date: 09-04-2022**

शोध पद्धति व सांख्यिकीय तकनीकों से विश्लेषण में मिलेगी मदद : वीसी

हकेंवि में विज्ञानोत्सव के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का किया आयोजन

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि, महेंद्रगढ़ में विज्ञानोत्सव मनाया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग द्वारा मेटा-अनालिसिस विद एन एप्लिकेशन विषय पर अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार का उद्देश्य सांख्यिकीय मेटा-विश्लेषण की अवधारणा से प्रतिभागियों को अवगत कराना रहा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि वेबिनार के माध्यम से उचित शोध पद्धति और विभिन्न सांख्यिकीय तकनीकों को लागू करके उनके विश्लेषण में अवश्य मदद मिलेगी।

वेबिनार में यूनिवर्सिटी ऑफ मेरीलेंड के प्रो. बिमल सिन्हा विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत वेबिनार में विशेषज्ञ प्रो. बिमल सिन्हा ने कहा कि सांख्यिकीय मेटा-विश्लेषण वैध सांख्यिकीय विधियों को विकसित करने से संबंधित है जिनका उपयोग कई स्वतंत्र अध्ययनों के परिणामों को एक समान लक्ष्य के साथ संयोजित करने के लिए किया जा सकता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव व आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर प्रो. सारिका शर्मा व विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद कुमार उपस्थित रहे। वेबिनार में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Haribhoomi **Date: 09-04-2022**

हकेंवि में अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आयोजित

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विज्ञानोत्सव मनाया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग द्वारा मेटा-अनालिसिस विद एन एप्लिकेशन विषय पर अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार का उद्देश्य सांख्यिकीय मेटा-विश्लेषण की अवधारणा से प्रतिभागियों को अवगत कराना रहा।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Punjab Kesari **Date: 09-04-2022**

हकेंवि में विज्ञानोत्सव के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय वैबिनार आयोजित

महेंद्रगढ़, 8 अप्रैल (मोहन, परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में विज्ञानोत्सव मनाया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग द्वारा मेटा-अनालिसिस विद एन एप्लिकेशन विषय पर अंतर्राष्ट्रीय वैबिनार आयोजित किया गया। वैबिनार का उद्देश्य सांख्यिकीय मेटा-विश्लेषण की अवधारणा से प्रतिभागियों को अवगत कराना रहा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि वैबिनार के माध्यम से उचित शोध पद्धति और विभिन्न सांख्यिकीय तकनीकों को लागू करके उनके विश्लेषण में अवश्य मदद मिलेगी।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

वैबिनार में यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड के प्रो. बिमल सिन्हा विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. बिमल सिन्हा ने कहा कि सांख्यिकीय मेटा-विश्लेषण वैध सांख्यिकीय विधियों को विकसित करने से संबंधित है जिनका उपयोग कई स्वतंत्र अध्ययनों के परिणामों को एक समान लक्ष्य के साथ संयोजित करने के लिए किया जा सकता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव व आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर प्रो. सारिका शर्मा व विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. देवेंद्र कुमार व आयोजन सचिव डॉ. कपिल कुमार ने बताया कि वैबिनार में सांख्यिकीय मेटा-विश्लेषण की आवश्यकता वाले विभिन्न परिदृश्यों और एप्लिकेशन्स पर चर्चा होगी। वैबिनार के आयोजन में समिति सदस्यों डॉ. मनोज कुमार व डॉ. रविंद्र सिंह ने सक्रिय भागीदारी की। वैबिनार में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

उद्यमिता विकास में स्वावलंबी भारत अभियान महत्वपूर्ण प्रयास: प्रो. टंकेश्वर

हकेंवि में आयोजित विशेषज्ञ व्याख्यान के बाद विशेषज्ञ के साथ शिक्षक एवं प्रतिभागी।

महेंद्रगढ़, 8 अप्रैल (मोहन, परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। स्वावलंबी भारत अभियान के सहयोग से उद्यमिता के विकास हेतु जारी प्रयासों के अंतर्गत आयोजित इस व्याख्यान का विषय सस्टेनेबल एंटरप्रिन्योरशिप एंड यूथ डिवैल्पमैंट रहा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने अपने संदेश के माध्यम से कहा कि स्वावलंबी भारत अभियान आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए कार्यरत संगठनों की एक उल्लेखनीय, सराहनीय सामूहिक पहल है। इसके माध्यम से अवश्य ही रोजगार व उद्यमिता के विकास में मदद मिलेगी। व्याख्यान में यूनाइटेड इंटरनैशनल यूनिवर्सिटी, ढाका, बंगलादेश की सहायक निदेशक जेनिफर हुसैन ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में प्रतिभागियों को संबोधित किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में कहा कि भारत दुनिया का युवा देश है और यहां उपलब्ध युवा शक्ति के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करने की दिशा में विशेष प्रयासों की आवश्यकता है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम युवाओं को समकालीन समय की आवश्यकताओं के अनुसार नए कौशल सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। विश्वविद्यालय निश्चित रूप से इस दिशा में उपलब्ध ज्ञान और संसाधन सांझेदारी हेतु सहयोग करेगा।

विशेषज्ञ वक्ता जेनिफर हुसैन ने अपने संबोधन में उद्यमिता के अवसर पैदा करने के लिए अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि कैसे भारत के युवा उद्यमी पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में रोजगार प्रदाता बन रहे हैं। विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रणबीर सिंह ने कहा कि देश में पर्यटन उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, जिसमें रोजगार के भरपूर अवसर हैं। बहुत कम लागत से इस क्षेत्र में उद्यमिता की शुरूआत की जा सकती है। इस अवसर पर संकाय सदस्य विकास, डॉ. दिलबाग, विक्रांत और सुश्री शिखा भी उपस्थित थीं।

हकेंवि में विज्ञानोत्सव के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय वैबिनार आयोजित

महेंद्रगढ़, 8 अप्रैल (मोहन, परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में विज्ञानोत्सव मनाया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग द्वारा मेटा-अनालिसिस विद एन एप्लिकेशन विषय पर अंतर्राष्ट्रीय वैबिनार आयोजित किया गया। वैबिनार का उद्देश्य सांख्यिकीय मेटा-विश्लेषण की अवधारणा से प्रतिभागियों को अवगत कराना रहा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि वैबिनार के माध्यम से उचित शोध पद्धति और विभिन्न सांख्यिकीय तकनीकों को लागू करके उनके विश्लेषण में अवश्य मदद मिलेगी।



कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

वैबिनार में यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड के प्रो. बिमल सिन्हा विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. बिमल सिन्हा ने कहा कि सांख्यिकीय मेटा-विश्लेषण वैध सांख्यिकीय विधियों को विकसित करने से संबंधित है जिनका उपयोग कई स्वतंत्र अध्ययनों के परिणामों को एक समान लक्ष्य के साथ संयोजित करने के लिए किया जा सकता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव व आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर प्रो. सारिका शर्मा व विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. देवेंद्र कुमार व आयोजन सचिव डॉ. कपिल कुमार ने बताया कि वैबिनार में सांख्यिकीय मेटा-विश्लेषण की आवश्यकता वाले विभिन्न परिदृश्यों और एप्लिकेशन्स पर चर्चा होगी। वैबिनार के आयोजन में समिति सदस्यों डॉ. मनोज कुमार व डॉ. रविंद्र सिंह ने सक्रिय भागीदारी की। वैबिनार में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

नशे से दूर रहने का संकल्प लें : कौशल

रामायण में उद्धृत खगोलीय जानकारी सही : प्रो. टंकेश्वर कुमार, हकेविवि में रामनवमी पर कार्यक्रम आयोजित

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। रामनवमी का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसी दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। भगवान विष्णु के अवतार ने राम के रूप में जन्म लिया। भगवान राम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कैसे मानव मर्यादा में रहकर सभी कार्यों को पूर्ण कर सकता है। यह विचार केंद्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राम नवमी के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव, महेंद्रगढ़ बीजेपी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश कुमार, जिला सेवा महावीर कौशिक भी उपस्थित रहे। कौशल ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन पर हमें नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का एक अभियान नहीं बल्कि एक आंदोलन है और नशे के खिलाफ इस आंदोलन में हम सभी को सक्रिय रूप से भागीदारी करनी चाहिए।

केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल का स्वागत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

केंद्रीय राज्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नशे से दूर रहने और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 18 लाख लोग नशा मुक्ति का संकल्प कर चुके हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. टंकेश्वर कुमार ने रामायण की कहानी विज्ञान की जुबानी विषय पर कहा कि रामायण का अर्थ है राम का अयण अर्थात भ्रमण। हमारी सनातन संस्कृति विश्व समुदाय का मार्गदर्शन करती रही है।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से भी यह सिद्ध हो गया है कि रामायण में उद्धृत खगोलीय जानकारी सही है। इससे स्पष्ट होता है कि राम कोई मिथक नहीं है और रामायण कोई कल्पना नहीं है। रामायण के समय प्रयोग किए जाने वाले पुष्पक विमान, अस्त्र-शस्त्र, यंत्र, भवन निर्माण आदि इस बात का प्रमाण है कि उस समय हमारा विज्ञान कितना उन्नत एवं सुदृढ़ था।

विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मूलचंद शर्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम स्तुति व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का परिचय नशा मुक्त समाज संकल्प के राष्ट्र संयोजक व विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अक्षतकांत ने दिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन विश्वविद्यालय की प्रिया भारद्वाज ने तथा धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. सुनील कुमार, डॉ. एपी शर्मा, डॉ. प्रदीप नरवाल, डॉ. रणबीर सिंह, डॉ. मनीष कुमार, राधेश्याम सिंह सहित अक्षतकांत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थी आदि उपस्थित रहे।

'बेटे की चिता पर कसम खाई थी'

महेंद्रगढ़/कनीना। हमारा देश युवाओं का देश है। युवा पीढ़ी जागरूक रहेगी तो देश आगे बढ़ेगा। नशामुक्त समाज आंदोलन पूरे देश में युवाओं को नशे की लत से दूर रहने के लिए चलाया जा रहा है। यह विचार केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने यूरो स्कूल में आयोजित नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान में व्यक्त किए। उन्होंने युवाओं को किसी भी गलत लत से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने अपना बेटा खोया है। उसकी चिता पर कसम खाई थी कि बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए यह कहानी सुनाउंगा ताकि कोई बाप अपना बेटा न खोए, कोई पत्नी अपना सुहाग न खोए और कोई मासूम बच्चा अपना पिता ना खोए। यूरो स्कूल की निदेशक एवं भाजपा प्रदेश एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक स्वाति यादव ने कौशल किशोर का स्वागत किया। संवाद

विशेष कार्यक्रम • हकेंवि में बतौर अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने किया संबोधित

मर्यादा के साथ जीने का संदेश देता है राम का जीवन

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार आज ही के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए राम नवमी के त्यौहार का हमारे जीवन में विशेष महत्त्व है। भगवान विष्णु के अवतार ने राम के रूप में मानव अवतार में जन्म लिया। भगवान राम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कैसे मानव मर्यादा में रहकर सभी कार्यों को पूर्ण कर सकता है।

यह विचार केंद्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हकेंवि में राम नवमी के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव, महेंद्रगढ़ बीजेपी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश कुमार तथा जिला सेवा, महावीर कौशिक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल किशोर ने सभी को राम नवमी की शुभकामनाएं देते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन पर हमें नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का एक अभियान नहीं बल्कि एक आंदोलन है और नशे के खिलाफ इस आंदोलन में हम सभी को सक्रिय रूप से भागीदारी करनी चाहिए। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नशे से दूर रहने और इसके लिए दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 18 लाख लोग नशा मुक्ति का संकल्प कर चुके हैं। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम स्तुति व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का परिचय नशा मुक्त समाज संकल्प के राष्ट्र संयोजक व विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अक्षत कांत ने दिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन विश्वविद्यालय की विद्यार्थी प्रिया भारद्वाज ने तथा धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. सुनील कुमार, डॉ. एपी शर्मा, डॉ. प्रदीप नरवाल, डॉ. रणबीर सिंह, डॉ. मनीष कुमार, राधेश्याम सिंह सहित अक्षत कांत ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थी आदि उपस्थित रहे।

केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर का स्वागत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

मर्यादा के साथ जीने का संदेश देता है भगवान राम का जीवन :कौशल किशोर

हरियाणा केंद्रीय विवि में राम नवमी के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार आज ही के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए राम नवमी के त्योहार का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। भगवान विष्णु के अवतार ने राम के रूप में मानव अवतार में जन्म लिया। भगवान राम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कैसे मानव मर्यादा में रहकर सभी कार्यों को पूर्ण कर सकता है। यह विचार केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में राम नवमी के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव, महेंद्रगढ़ बीजेपी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश कुमार तथा जिला सेवा, महावीर कौशिक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल किशोर ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन पर हमें नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का एक अभियान नहीं, बल्कि एक आंदोलन है और नशे के खिलाफ इस आंदोलन में हम सभी



हकेंवि में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते प्रो. टंकेश्वर कुमार • सौ. हकेंवि

को सक्रिय रूप से भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व की 22 प्रतिशत युवा शक्ति भारत में रहती है। यदि हम भारत को सुदृढ़ और आत्मनिर्भर भारत बनाना चाहते हैं तो हमें नशा मुक्त समाज का संकल्प लेते हुए नशा मुक्त समाज अभियान कौशल को में अपना योगदान देना होगा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नशे से दूर रहने और इसके लिए दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 18 लाख लोग नशा मुक्ति का संकल्प कर चुके हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. टंकेश्वर कुमार ने रामायण की कहानी विज्ञान की जुबानी विषय पर अपना प्रस्तुतिकरण देते हुए कहा कि रामायण का अर्थ है राम का अयण



कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर • सौ. हकेंवि

अर्थात भ्रमण। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति विश्व समुदाय का मार्गदर्शन करती रही है। हमारे यहां रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना हुई, जो आज भी जन-जन में लोकप्रिय है। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की। इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र का विस्तारित विवरण काव्य रूप में किया गया है। महर्षि वाल्मीकि केवल एक कवि ही नहीं, अपितु एक खगोलशास्त्री भी थे। खगोलशास्त्र पर उनकी पकड़ रामायण से सिद्ध होती है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से भी यह सिद्ध हो गया है कि रामायण में उद्धृत खगोलीय जानकारी सही व सटीक है। इससे स्पष्ट होता है कि राम कोई मिथक नहीं है और रामायण कोई कल्पना नहीं है। रामायण के समय प्रयोग किए जाने वाले पुष्पक विमान, अस्त्र-शस्त्र, यंत्र, भवन निर्माण आदि इस बात का प्रमाण है कि उस समय हमारा विज्ञान कितना उन्नत एवं सदृढ़ था। उन्होंने कौशल किशोर द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की सराहना की और नशा मुक्ति अभियान में साथ मिलकर इस कार्य करने का आश्वासन दिया और सरकार व समाज की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करेंगे।विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मूलचंद शर्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम स्तुति व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का परिचय नशा मुक्त समाज संकल्प के राष्ट्र संयोजक व विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अक्षतकांत ने दिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन विश्वविद्यालय की विद्यार्थी प्रिया भारद्वाज ने तथा धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. सुनील कुमार, डा. एपी शर्मा, डा. प्रदीप नरवाल, डा. रणबीर सिंह, डा. मनीष कुमार, राधेश्याम सिंह सहित अक्षतकांत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थी आदि उपस्थित रहे।

'मर्यादा के साथ जीने का संदेश देता है भगवान राम का जीवन'

नारनौल,10 अप्रैल (निस)

भगवान राम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कैसे मानव मर्यादा में रहकर सभी कार्यों को पूर्ण कर सकता है। यह विचार केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने रविवार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राम नवमी के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव, महेंद्रगढ़ भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश कुमार तथा जिला सेवा, महावीर कौशिक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल किशोर ने कहा कि नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का एक अभियान नहीं बल्कि एक आंदोलन है और नशे के खिलाफ इस आंदोलन में हम सभी को सक्रिय रूप से भागीदारी करनी चाहिए। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. टंकेश्वर कुमार ने रामायण की कहानी विज्ञान की जुबानी विषय पर अपना प्रस्तुतिकरण देते हुए कहा कि रामायण का अर्थ है राम का अयण अर्थात भ्रमण। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति विश्व समुदाय का मार्गदर्शन करती रही है। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मूलचंद शर्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. सुनील कुमार, डॉ. एपी शर्मा, डॉ. प्रदीप नरवाल, डॉ. रणबीर सिंह, डॉ. मनीष कुमार, राधेश्याम सिंह सहित अक्षतकांत ने अहम भूमिका निभाई।

दोस्तों संग नहर में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत

दैनिक ट्रिब्यून Mon, 11 April 2022
https://epaper.dainiktribuneon

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रामनवमी पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

मर्यादा के साथ जीने एवं कार्य पूर्ण करने का संदेश देता भगवान श्रीराम का जीवन

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मदिन पर हमे नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़। केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर का स्वागत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर तथा नारनौल में नवरात्रों के समापन पर कन्याओं को भोजन करवाती युवती व महिला तथा श्रीराम कथा सुनते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार आज ही के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए राम नवमी के त्यौहार का हमारे जीवन में विशेष महत्त्व है। भगवान विष्णु के अवतार ने राम के रूप में मानव अवतार में जन्म लिया। भगवान राम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कैसे मानव मर्यादा में रहकर सभी कार्यों को पूर्ण कर सकता है। यह विचार केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रामनवमी के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव, भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश तथा जिला सेवा महावीर कौशिक भी उपस्थित रहे।

मुख्यतिथि किशोर ने सबको रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए आज मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मदिन पर हमे नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का एक अभियान नहीं, बल्कि एक आंदोलन है और नशे के खिलाफ आंदोलन में हम सबको सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व की 22 प्रतिशत युवा शक्ति भारत में रहती है। यदि हम भारत को सुदृढ़ और आत्मनिर्भर भारत बनाना चाहते हैं तो हमें नशा मुक्त समाज का संकल्प लेते हुए नशा मुक्त समाज अभियान कौशल में अपना योगदान देना होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मियों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नशे से दूर रहने और इसके लिए दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 18 लाख लोग नशा मुक्ति का संकल्प कर चुके हैं। विवि के कुलपति व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. टंकेश्वर ने रामायण की कहानी विज्ञान की जुबानी विषय पर अपनी प्रस्तुति देते हुए कहा कि रामायण का अर्थ है राम का अयण अर्थात भ्रमण। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति विश्व समुदाय का मार्गदर्शन करती रही है। हमारे यहां रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना हुई, जो आज भी जन-जन में लोकप्रिय हैं। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की। इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र का विस्तारित विवरण काव्य रूप में किया गया है। महर्षि वाल्मीकि केवल एक कवि ही नहीं, अपितु खगोलशास्त्र भी थे। खगोलशास्त्र पर उनकी पकड़ रामायण से सिद्ध होती है। प्रो. टंकेश्वर ने कहा कि आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से भी यह सिद्ध हो गया है कि रामायण में उद्धृत खगोलीय जानकारी सही व सटीक है। इससे स्पष्ट होता है कि राम कोई मिथक नहीं है और रामायण कोई कल्पना नहीं है। रामायण के समय प्रयोग किए जाने वाले पुष्पक विमान, अस्त्र-शस्त्र, यंत्र, भवन निर्माण आदि इस बात का प्रमाण हैं कि उस समय हमारा विज्ञान कितना उन्नत एवं सुदृढ था। उन्होंने कौशल किशोर द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की सराहना की और नशा मुक्ति अभियान में साथ मिलकर इस कार्य करने का आश्वासन दिया और सरकार व समाज की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करेंगे।

मंच का संचालन विद्यार्थी प्रिया भारद्वाज तथा धन्यवाद ज्ञापन छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. सुनील, डॉ. एपी शर्मा, डॉ. प्रदीप नरवाल, डॉ. रणबीर सिंह, डॉ. मनीष, राधेश्याम सिंह सहित अक्षतकांत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कन्याओं को भोजन करवाया

नारनौल। जिलेभर मे रविवार को राम नवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। मंदिरों में भंडारे व सत्संग का आयोजन किया गया। इसके साथ ही महिलाओं ने कन्याओं को भोजन करवाकर नौ दिन तक चले नवरात्रों का समापन किया। इस अवसर पर कन्याओं को भोजन करवाकर उन्हें उपहार भी दिए गए। बता दे कि राम नवमी का पर्व भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के रूप में चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि को मनाया जाता है। चैत्र नवमी तिथि नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। इसी के साथ नौ दिनों तक चलने वाले देवी दुर्गा की आराधना का पर्व समाप्त होता है। चैत्र नवमी शुक्ल पक्ष तिथि पर भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। हिंदू धर्म के लोग हर वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमीतिथि पर राम जन्मोत्सव का त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाते हैं। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार भगवान राम विष्णुजी के सातवें अवतार माने जाते हैं। राम नवमी के दिन भगवान राम, माता सीता व राम भक्त हनुमानजी की विशेष पूजा-आराधना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी तिथि पर भगवान श्रीराम की जो व्यक्ति सच्चे मन से उनकी पूजा-आराधना करता है उसे जीवन में मान-सम्मान व सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक करके कथा का समापन

नारनौल। श्री गो गोपाल प्रचार एवं असहाय सेवा संस्थान की ओर से कल्लुमल बगीची मोहल्ला खड़खड़ी मे आयोजित श्रीराम कथा मे यजमान महेश भालोठिया, विनोद सोनी, देवेन्द्र यादव से आचार्य प्रशान्त शास्त्री व मनीष शास्त्री ने विधिविधान से पूजन करवाया। श्रीराम की आरती करवाकर कथा का शुभारंभ किया। आचार्य बजरंग शास्त्री ने बताया कि सीता की खोज मे राम वन-वन घूमते हुए पर्वत पर पहुंच गए हैं। वहां पर राम व लक्ष्मण को देखकर सुग्रीव के मन में शंका हो रही है। दोनों भाइयों के बारे पता लगाने के लिए हनुमान को भेजते हैं। ब्राह्मण का रूप धरकर गए व सिर नवाकर वन में विचर रहे कारणों के बारे में हनुमान ने जानकारी ली। इसके बाद प्रभु राम ने अपना परिचय दिया और वन मे भ्रमण करने के कारणों के बारे में बताया। इसके बाद प्रभु राम को पहचानकर हनुमान ने उनके चरण पकड़ लिए। प्रभु को पहचानने में हुई देरी से हनुमान को बहुत ग्लानि हुई। इस पर प्रभु राम ने हृदय से लगाकर कहा कि मन में ग्लानि मत भरो। इसके बाद हनुमान से उन्हें सुग्रीव से मिलाया। शास्त्री ने राम भक्त हनुमान के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान से भक्त बड़ा होता है। हनुमानजी महान योद्धा के साथ-साथ ज्ञानी भी थे। हनुमान जी ने अपनी आग लगी पूंछ से पूरी लंका में आग लगा दी। जिससे वहां पर त्राहिमाम मच गया। आज महाराज ने भगवान राम का विधिवत राज्याभिषेक करके कथा का समापन कर दिया। इस मौके पर वेदप्रकाश भारद्वाज, मुकेश अग्रवाल, रोहतास अग्रवाल, सूरज बोहरा, राजन सैनी, महेंद्र नूनीवाला, विनोद सोनी, प्रदीप संघी, सचिव सुरेंद्र गोयल, सुरेश शर्मा, राकेश बंसल, विनोद सर्राफ, रमेश गोयल, चिराग गोयल, मनोज अग्रवाल, सोमदेव शास्त्री, ओमप्रकाश ठेकेदार, रमेश शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल, अनुराधा नूनीवाला, रमा सोनी, मोनिका शर्मा, मंजू शर्मा, रेखा संघी, श्याम सखी, पिस्ता शर्मा आदि मौजूद थे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Ram Navmi celebration

Newspaper: Amar Ujala **Date: 11-04-2022**

नशे से दूर रहने का संकल्प लें : कौशल

रामायण में उद्धृत खगोलीय जानकारी सही : प्रो. टंकेश्वर कुमार, हकेविवि में रामनवमी पर कार्यक्रम आयोजित

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। रामनवमी का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसी दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। भगवान विष्णु के अवतार ने राम के रूप में जन्म लिया। भगवान राम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कैसे मानव मर्यादा में रहकर सभी कार्यों को पूर्ण कर सकता है। यह विचार केंद्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राम नवमी के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव, महेंद्रगढ़ बीजेपी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश कुमार, जिला सेवा महावीर कौशिक भी उपस्थित रहे। कौशल ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन पर हमें नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का एक अभियान नहीं बल्कि एक आंदोलन है और नशे के खिलाफ इस आंदोलन में हम सभी को सक्रिय रूप से भागीदारी करनी चाहिए।

केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल का स्वागत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

केंद्रीय राज्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नशे से दूर रहने और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 18 लाख लोग नशा मुक्ति का संकल्प कर चुके हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. टंकेश्वर कुमार ने रामायण की कहानी विज्ञान की जुबानी विषय पर कहा कि रामायण का अर्थ है राम का अयण अर्थात भ्रमण। हमारी सनातन संस्कृति विश्व समुदाय का मार्गदर्शन करती रही है।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से भी यह सिद्ध हो गया है कि रामायण में उद्धृत खगोलीय जानकारी सही है। इससे स्पष्ट होता है कि राम कोई मिथक नहीं है और रामायण कोई कल्पना नहीं है। रामायण के समय प्रयोग किए जाने वाले पुष्पक विमान, अस्त्र-शस्त्र, यंत्र, भवन निर्माण आदि इस बात का प्रमाण है कि उस समय हमारा विज्ञान कितना उन्नत एवं सुदृढ़ था।

विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मूलचंद शर्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम स्तुति व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का परिचय नशा मुक्त समाज संकल्प के राष्ट्र संयोजक व विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अक्षतकांत ने दिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन विश्वविद्यालय की प्रिया भारद्वाज ने तथा धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. सुनील कुमार, डॉ. एपी शर्मा, डॉ. प्रदीप नरवाल, डॉ. रणबीर सिंह, डॉ. मनीष कुमार, राधेश्याम सिंह सहित अक्षतकांत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थी आदि उपस्थित रहे।

'बेटे की चिता पर कसम खाई थी'

महेंद्रगढ़/कनीना। हमारा देश युवाओं का देश है। युवा पीढ़ी जागरूक रहेगी तो देश आगे बढ़ेगा। नशामुक्त समाज आंदोलन पूरे देश में युवाओं को नशे की लत से दूर रहने के लिए चलाया जा रहा है। यह विचार केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने यूरो स्कूल में आयोजित नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान में व्यक्त किए। उन्होंने युवाओं को किसी भी गलत लत से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने अपना बेटा खोया है। उसकी चिता पर कसम खाई थी कि बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए यह कहानी सुनाउंगा ताकि कोई बाप अपना बेटा न खोए, कोई पत्नी अपना सुहाग न खोए और कोई मासूम बच्चा अपना पिता ना खोए। यूरो स्कूल की निदेशक एवं भाजपा प्रदेश एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक स्वाति यादव ने कौशल किशोर का स्वागत किया। संवाद

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Bhaskar **Date: 11-04-2022**

विशेष कार्यक्रम • हकेंवि में बतौर अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने किया संबोधित

मर्यादा के साथ जीने का संदेश देता है राम का जीवन

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार आज ही के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए राम नवमी के त्यौहार का हमारे जीवन में विशेष महत्त्व है। भगवान विष्णु के अवतार ने राम के रूप में मानव अवतार में जन्म लिया। भगवान राम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कैसे मानव मर्यादा में रहकर सभी कार्यों को पूर्ण कर सकता है।

यह विचार केंद्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हकेवि में राम नवमी के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव, महेंद्रगढ़ बीजेपी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश कुमार तथा जिला सेवा, महावीर कौशिक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल किशोर ने सभी को राम नवमी की शुभकामनाएं देते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन पर हमें नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए।

केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर का स्वागत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का एक अभियान नहीं बल्कि एक आंदोलन है और नशे के खिलाफ इस आंदोलन में हम सभी को सक्रिय रूप से भागीदारी करनी चाहिए। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नशे से दूर रहने और इसके लिए दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 18 लाख लोग नशा मुक्ति का संकल्प कर चुके हैं। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम स्तुति व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का परिचय नशा मुक्त समाज संकल्प के राष्ट्र संयोजक व विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अक्षत कांत ने दिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन विश्वविद्यालय की विद्यार्थी प्रिया भारद्वाज ने तथा धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. सुनील कुमार, डॉ. एपी शर्मा, डॉ. प्रदीप नरवाल, डॉ. रणबीर सिंह, डॉ. मनीष कुमार, राधेश्याम सिंह सहित अक्षत कांत ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थी आदि उपस्थित रहे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Jagran **Date: 11-04-2022**

मर्यादा के साथ जीने का संदेश देता है भगवान राम का जीवन :कौशल किशोर

हरियाणा केंद्रीय विवि में राम नवमी के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार आज ही के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए राम नवमी के त्योहार का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। भगवान विष्णु के अवतार ने राम के रूप में मानव अवतार में जन्म लिया। भगवान राम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कैसे मानव मर्यादा में रहकर सभी कार्यों को पूर्ण कर सकता है। यह विचार केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में राम नवमी के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव, महेंद्रगढ़ बीजेपी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश कुमार तथा जिला सेवा, महावीर कौशिक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल किशोर ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन पर हमें नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का एक अभियान नहीं, बल्कि एक आंदोलन है और नशे के खिलाफ इस आंदोलन में हम सभी को सक्रिय रूप से भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व की 22 प्रतिशत युवा शक्ति भारत में रहती है। यदि हम भारत को सुदृढ़ और आत्मनिर्भर भारत बनाना चाहते हैं तो हमें नशा मुक्त समाज का संकल्प लेते हुए नशा मुक्त समाज अभियान कौशल को में अपना योगदान देना होगा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नशे से दूर रहने और इसके लिए दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 18 लाख लोग नशा मुक्ति का संकल्प कर चुके हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. टंकेश्वर कुमार ने रामायण की कहानी विज्ञान की जुबानी विषय पर अपना प्रस्तुतिकरण देते हुए कहा कि रामायण का अर्थ है राम का अयण अर्थात भ्रमण। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति विश्व समुदाय का मार्गदर्शन करती रही है। हमारे यहां रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना हुई, जो आज भी जन-जन में लोकप्रिय है। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की। इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र का विस्तारित विवरण काव्य रूप में किया गया है। महर्षि वाल्मीकि केवल एक कवि ही नहीं, अपितु एक खगोलशास्त्री भी थे। खगोलशास्त्र पर उनकी पकड़ रामायण से सिद्ध होती है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से भी यह सिद्ध हो गया है कि रामायण में उद्धृत खगोलीय जानकारी सही व सटीक है। इससे स्पष्ट होता है कि राम कोई मिथक नहीं है और रामायण कोई कल्पना नहीं है। रामायण के समय प्रयोग किए जाने वाले पुष्पक विमान, अस्त्र-शस्त्र, यंत्र, भवन निर्माण आदि इस बात का प्रमाण है कि उस समय हमारा विज्ञान कितना उन्नत एवं सदृढ़ था। उन्होंने कौशल किशोर द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की सराहना की और नशा मुक्ति अभियान में साथ मिलकर इस कार्य करने का आश्वासन दिया और सरकार व समाज की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करेंगे।विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मूलचंद शर्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम स्तुति व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का परिचय नशा मुक्त समाज संकल्प के राष्ट्र संयोजक व विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अक्षतकांत ने दिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन विश्वविद्यालय की विद्यार्थी प्रिया भारद्वाज ने तथा धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. सुनील कुमार, डा. एपी शर्मा, डा. प्रदीप नरवाल, डा. रणबीर सिंह, डा. मनीष कुमार, राधेश्याम सिंह सहित अक्षतकांत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थी आदि उपस्थित रहे।

हकेंवि में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते प्रो. टंकेश्वर कुमार • सौ. हकेंवि

कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर • सौ. हकेंवि

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Tribune **Date: 11-04-2022**

'मर्यादा के साथ जीने का संदेश देता है भगवान राम का जीवन'

नारनौल,10 अप्रैल (निस)

भगवान राम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कैसे मानव मर्यादा में रहकर सभी कार्यों को पूर्ण कर सकता है। यह विचार केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने रविवार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राम नवमी के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव, महेंद्रगढ़ भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश कुमार तथा जिला सेवा, महावीर कौशिक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल किशोर ने कहा कि नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का एक अभियान नहीं बल्कि एक आंदोलन है और नशे के खिलाफ इस आंदोलन में हम सभी को सक्रिय रूप से भागीदारी करनी चाहिए। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. टंकेश्वर कुमार ने रामायण की कहानी विज्ञान की जुबानी विषय पर अपना प्रस्तुतिकरण देते हुए कहा कि रामायण का अर्थ है राम का अयण अर्थात भ्रमण। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति विश्व समुदाय का मार्गदर्शन करती रही है। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मूलचंद शर्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. सुनील कुमार, डॉ. एपी शर्मा, डॉ. प्रदीप नरवाल, डॉ. रणबीर सिंह, डॉ. मनीष कुमार, राधेश्याम सिंह सहित अक्षतकांत ने अहम भूमिका निभाई।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Haribhoomi **Date: 11-04-2022**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रामनवमी पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

मर्यादा के साथ जीने एवं कार्य पूर्ण करने का संदेश देता भगवान श्रीराम का जीवन

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मदिन पर हमे नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़। केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर का स्वागत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर तथा नारनौल में नवरात्रों के समापन पर कन्याओं को भोजन करवाती युवती व महिला तथा श्रीराम कथा सुनते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार आज ही के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए राम नवमी के त्यौहार का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। भगवान विष्णु के अवतार ने राम के रूप में मानव अवतार में जन्म लिया। भगवान राम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कैसे मानव मर्यादा में रहकर सभी कार्यों को पूर्ण कर सकता है। यह विचार केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रामनवमी के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव, भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश तथा जिला सेवा महावीर कौशिक भी उपस्थित रहे।

मुख्यतिथि किशोर ने सबको रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए आज मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मदिन पर हमे नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का एक अभियान नहीं, बल्कि एक आंदोलन है और नशे के खिलाफ आंदोलन में हम सबको सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व की 22 प्रतिशत युवा शक्ति भारत में रहती है। यदि हम भारत को सुदृढ और आत्मनिर्भर भारत बनाना चाहते हैं तो हमें नशा मुक्त समाज का संकल्प लेते हुए नशा मुक्त समाज अभियान कौशल में अपना योगदान देना होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मियों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नशे से दूर रहने और इसके लिए दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 18 लाख लोग नशा मुक्ति का संकल्प कर चुके हैं। विवि के कुलपति व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. टंकेश्वर ने रामायण की कहानी विज्ञान की जुबानी विषय पर अपनी प्रस्तुति देते हुए कहा कि रामायण का अर्थ है राम का अयण अर्थात भ्रमण। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति विश्व समुदाय का मार्गदर्शन करती रही है। हमारे यहां रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना हुई, जो आज भी जन-जन में लोकप्रिय हैं। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की। इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र का विस्तारित विवरण काव्य रूप में किया गया है। महर्षि वाल्मीकि केवल एक कवि ही नहीं, अपितु खगोलशास्त्र भी थे। खगोलशास्त्र पर उनकी पकड़ रामायण से सिद्ध होती है। प्रो. टंकेश्वर ने कहा कि आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से भी यह सिद्ध हो गया है कि रामायण में उद्धृत खगोलीय जानकारी सही व सटीक है। इससे स्पष्ट होता है कि राम कोई मिथक नहीं है और रामायण कोई कल्पना नहीं है। रामायण के समय प्रयोग किए जाने वाले पुष्पक विमान, अस्त्र-शस्त्र, यंत्र, भवन निर्माण आदि इस बात का प्रमाण हैं कि उस समय हमारा विज्ञान कितना उन्नत एवं सुदृढ था। उन्होंने कौशल किशोर द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की सराहना की और नशा मुक्ति अभियान में साथ मिलकर इस कार्य करने का आश्वासन दिया और सरकार व समाज की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करेंगे।

मंच का संचालन विद्यार्थी प्रिया भारद्वाज तथा धन्यवाद ज्ञापन छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. सुनील, डॉ. एपी शर्मा, डॉ. प्रदीप नरवाल, डॉ. रणबीर सिंह, डॉ. मनीष, राधेश्याम सिंह सहित अक्षतकांत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कन्याओं को भोजन करवाया

नारनौल। जिलेभर में रविवार को राम नवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। मंदिरों में भंडारे व सत्संग का आयोजन किया गया। इसके साथ ही महिलाओं ने कन्याओं को भोजन करवाकर नौ दिन तक चले नवरात्रों का समापन किया। इस अवसर पर कन्याओं को भोजन करवाकर उन्हें उपहार भी दिए गए। बता दें कि राम नवमी का पर्व भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के रूप में चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि को मनाया जाता है। चैत्र नवमी तिथि नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। इसी के साथ नौ दिनों तक चलने वाले देवी दुर्गा की आराधना का पर्व समाप्त होता है। चैत्र नवमी शुक्ल पक्ष तिथि पर भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। हिंदू धर्म के लोग हर वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमीतिथि पर राम जन्मोत्सव का त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाते हैं। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार भगवान राम विष्णुजी के सातवें अवतार माने जाते हैं। राम नवमी के दिन भगवान राम, माता सीता व राम भक्त हनुमानजी की विशेष पूजा-आराधना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी तिथि पर भगवान श्रीराम की जो व्यक्ति सच्चे मन से उनकी पूजा-आराधना करता है उसे जीवन में मान-सम्मान व सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक करके कथा का समापन

नारनौल। श्री गो गोपाल प्रचार एवं असहाय सेवा संस्थान की ओर से कल्लूमल बगीची मोहल्ला खड़खड़ी में आयोजित श्रीराम कथा में यजमान महेश भालोठिया, विनोद सोनी, देवेन्द्र यादव से आचार्य प्रशान्त शास्त्री व मनीष शास्त्री ने विधिविधान से पूजन करवाया। श्रीराम की आरती करवाकर कथा का शुभारंभ किया। आचार्य बजरंग शास्त्री ने बताया कि सीता की खोज में राम वन-वन घूमते हुए पर्वत पर पहुंच गए हैं। वहां पर राम व लक्ष्मण को देखकर सुग्रीव के मन में शंका हो रही है। दोनों भाइयों के बारे पता लगाने के लिए हनुमान को भेजते हैं। ब्राह्मण का रूप धरकर गए व सिर नवाकर वन में विचर रहे कारणों के बारे में हनुमान ने जानकारी ली। इसके बाद प्रभु राम ने अपना परिचय दिया और वन में भ्रमण करने के कारणों के बारे में बताया। इसके बाद प्रभु राम को पहचानकर हनुमान ने उनके चरण पकड़ लिए। प्रभु को पहचानने में हुई देरी से हनुमान को बहुत ग्लानि हुई। इस पर प्रभु राम ने हृदय से लगाकर कहा कि मन में ग्लानि मत भरो। इसके बाद हनुमान से उन्हें सुग्रीव से मिलाया। शास्त्री ने राम भक्त हनुमान के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान से भक्त बड़ा होता है। हनुमानजी महान योद्धा के साथ-साथ ज्ञानी भी थे। हनुमान जी ने अपनी आग लगी पूंछ से पूरी लंका में आग लगा दी। जिससे वहां पर त्राहिमाम मच गया। आज महाराज ने भगवान राम का विधिवत राज्याभिषेक करके कथा का समापन कर दिया। इस मौके पर वेदप्रकाश भारद्वाज, मुकेश अग्रवाल, रोहतास अग्रवाल, सूरज बोहरा, राजन सैनी, महेंद्र कूलीवाला, विनोद सोनी, प्रदीप सांघी, सचिव सुरेंद्र गोयल, सुरेश शर्मा, राकेश बंसल, विनोद सर्राफ, रमेश गोयल, चिराग गोयल, मनोज अग्रवाल, सोमदेव शास्त्री, ओमप्रकाश ठेकेदार, रमेश शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल, अनुराधा कूलीवाला, रमा सोनी, मोनिका शर्मा, मंजू शर्मा, रेखा सांघी, श्याम सखी, पिस्ता शर्मा आदि मौजूद थे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Punjab Kesari **Date: 11-04-2022**

हकेंवि में रामनवमी के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

मर्यादा के साथ जीने का संदेश देता भगवान राम का जीवन: कौशल किशोर

■ नशा मुक्त हरियाणा का दिलाया संकल्प

महेंद्रगढ़ 10 अप्रैल (परमजीत/मोहन): हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार आज ही के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए राम नवमी के त्यौहार का हमारे जीवन में विशेष महत्त्व है। भगवान विष्णु के अवतार ने राम के रूप में मानव अवतार में जन्म लिया। भगवान राम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कैसे मानव मर्यादा में रहकर सभी कार्यों को पूर्ण कर सकता है। यह विचार केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में रामनवमी के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव, महेंद्रगढ़ भापजा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, एस.डी.एम. दिनेश कुमार तथा जिला सेवा, महावीर कौशिक भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि कौशल किशोर ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए आज मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन पर हमें नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए।

नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का एक अभियान नहीं बल्कि एक आंदोलन है और नशे के खिलाफ इस आंदोलन में हम सभी को सक्रिय रूप से भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व की 22 प्रतिशत युवा शक्ति भारत में रहती है। यदि हम भारत को सुदृढ़ और आत्मनिर्भर भारत बनाना चाहते हैं तो हमें नशा मुक्त समाज का संकल्प लेते हुए नशा मुक्त समाज अभियान कौशल को में अपना योगदान देना होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नशे से दूर रहने और इसके लिए दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 18 लाख लोग नशा मुक्ति का संकल्प कर चुके हैं।

हमारी सनातन संस्कृति विश्व समुदाय का मार्गदर्शन करती रही है: प्रो. टंकेश्वर

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. टंकेश्वर कुमार ने रामायण की कहानी विज्ञान की जुबानी विषय पर अपना प्रस्तुतिकरण देते हुए कहा कि रामायण का अर्थ है राम का अयण अर्थात भ्रमण। हमारी सनातन संस्कृति विश्व समुदाय का मार्गदर्शन करती रही है। हमारे यहां रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना हुई, जो आज भी जन-जन में लोकप्रिय है। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की। इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र का विस्तारित विवरण काव्य रूप में किया गया है। महर्षि वाल्मीकि केवल एक कवि ही नहीं अपितु एक खगोल शासत्री भी थे। खगोलशास्त्र पर उनकी पकड़ रामायण से सिद्ध होती है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से भी यह सिद्ध हो गया है कि रामायण में उद्धृत खगोलीय जानकारी सही व सटीक है। इससे स्पष्ट होता है कि राम कोई मिथक नहीं है और रामायण कोई कल्पना नहीं है। रामायण के समय प्रयोग किए जाने वाले पुष्पक विमान, अस्त्र-शस्त्र, यंत्र, भवन निर्माण आदि इस बात का प्रमाण है कि उस समय हमारा विज्ञान कितना उन्नत एवं सदृढ़ था। उन्होंने कौशल किशोर द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की सराहना की और नशा मुक्ति अभियान में साथ मिलकर इस कार्य करने का आश्वासन दिया और सरकार व समाज की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम स्तुति व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का परिचय नशा मुक्त समाज संकल्प के राष्ट्र संयोजक व विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अक्षतकांत ने दिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन विश्वविद्यालय की विद्यार्थी प्रिया भारद्वाज ने तथा धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने ज्ञापित किया।

हकेंवि में रामनवमी के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

मर्यादा के साथ जीने का संदेश देता भगवान राम का जीवन: कौशल किशोर

■ नशा मुक्त हरियाणा का दिलाया संकल्प

महेंद्रगढ़ 10 अप्रैल (परमजीत/मोहन): हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार आज ही के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए राम नवमी के त्यौहार का हमारे जीवन में विशेष महत्त्व है। भगवान विष्णु के अवतार ने राम के रूप में मानव अवतार में जन्म लिया। भगवान राम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कैसे मानव मर्यादा में रहकर सभी कार्यों को पूर्ण कर सकता है। यह विचार केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में रामनवमी के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव, महेंद्रगढ़ भापजा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, एस.डी.एम. दिनेश कुमार तथा जिला सेवा, महावीर कौशिक भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि कौशल किशोर ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए आज मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन पर हमें नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए।

नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का एक अभियान नहीं बल्कि एक आंदोलन है और नशे के खिलाफ इस आंदोलन में हम सभी को सक्रिय रूप से भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व की 22 प्रतिशत युवा शक्ति भारत में रहती है। यदि हम भारत को सुदृढ़ और आत्मनिर्भर भारत बनाना चाहते हैं तो हमें नशा मुक्त समाज का संकल्प लेते हुए नशा मुक्त समाज अभियान कौशल को में अपना योगदान देना होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नशे से दूर रहने और इसके लिए दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 18 लाख लोग नशा मुक्ति का संकल्प कर चुके हैं।

हमारी सनातन संस्कृति विश्व समुदाय का मार्गदर्शन करती रही है: प्रो. टंकेश्वर

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. टंकेश्वर कुमार ने रामायण की कहानी विज्ञान की जुबानी विषय पर अपना प्रस्तुतिकरण देते हुए कहा कि रामायण का अर्थ है राम का अयण अर्थात भ्रमण। हमारी सनातन संस्कृति विश्व समुदाय का मार्गदर्शन करती रही है। हमारे यहां रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना हुई, जो आज भी जन-जन में लोकप्रिय है। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की। इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र का विस्तारित विवरण काव्य रूप में किया गया है। महर्षि वाल्मीकि केवल एक कवि ही नहीं अपितु एक खगोल शासत्री भी थे। खगोलशास्त्र पर उनकी पकड़ रामायण से सिद्ध होती है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से भी यह सिद्ध हो गया है कि रामायण में उद्धृत खगोलीय जानकारी सही व सटीक है। इससे स्पष्ट होता है कि राम कोई मिथक नहीं है और रामायण कोई कल्पना नहीं है। रामायण के समय प्रयोग किए जाने वाले पुष्पक विमान, अस्त्र-शस्त्र, यंत्र, भवन निर्माण आदि इस बात का प्रमाण है कि उस समय हमारा विज्ञान कितना उन्नत एवं सदृढ़ था। उन्होंने कौशल किशोर द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की सराहना की और नशा मुक्ति अभियान में साथ मिलकर इस कार्य करने का आश्वासन दिया और सरकार व समाज की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम स्तुति व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का परिचय नशा मुक्त समाज संकल्प के राष्ट्र संयोजक व विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अक्षतकांत ने दिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन विश्वविद्यालय की विद्यार्थी प्रिया भारद्वाज ने तथा धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने ज्ञापित किया।

LECTURE ON PROFESSIONAL ETHICS

Mahendragarh: Central University of Haryana organised an extension lecture on professional ethics. Dr Vijay Phogat, Associate Professor, Government College of Education, Chandigarh, was the resource person for the project. He discussed how parents are the first teachers to the child and the role primary teachers play in the life of a kid.

The Tribune
Mon, 11 April 2022
https://epaper.tribunei

औद्योगिक साझेदारी से विद्यार्थियों का होगा कौशल विकास

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेविवि) महेंद्रगढ़ और पेनम लेबोरेट्री लिमिटेड, धारुहेड़ा अब विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है।

इस सांझेदारी के अंतर्गत विद्यार्थियों के समक्ष बायोमेडिकल साइंसेज से संबंधित औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की चुनौती का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य। संवाद

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा और पेनम लेबोरेट्री की ओर से निदेशक ऑपरेशंस विकास पांडेय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य विद्यार्थियों को संबंधित क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग जगत के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, कौशल एवं व्यवसायिक अध्ययन विभाग के संयोजक प्रो. पवन मौर्य, बीवॉक बायोमेडिकल साइंसेज के संयोजक डॉ. विकास सैनी भी उपस्थित रहे।

औद्योगिक साझेदारी से हकेंवि विद्यार्थियों का होगा कौशल विकास, पेनम लेबोरेट्री के साथ हुआ एमओयू

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हकेंवि, महेंद्रगढ़ और पेनम लेबोरेट्री लिमिटेड, धारुहेडा अब विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। इस साझेदारी के अंतर्गत विद्यार्थियों के समक्ष बायोमेडिकल साइंसेज से संबंधित औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की चुनौती का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत हकेंवि के विद्यार्थियों को कौशल विकास, रोजगार से पूर्व आवश्यक औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान रखने वाली पेनम लेबोरेट्री का सहयोग मिलेगा। विवि की ओर से कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा और पेनम लेबोरेट्री की ओर से डायरेक्टर ऑपरेशन्स विकास पांडेय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य विद्यार्थियों को संबंधित क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग जगत के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं के विकास में सहयोग मिलेगा और उनके लिए पढ़ाई के बाद इंडस्ट्री में उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, कौशल एवं व्यावसायिक अध्ययन विभाग के संयोजक प्रो. पवन मौर्य, बीवॉक बायोमेडिकल साइंसेज के संयोजक डॉ. विकास सैनी भी उपस्थित रहे।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य।

औद्योगिक साझेदारी से होगा कौशल विकास : टंकेश्वर

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ और पेनम लेबोरेट्री लिमिटेड, धारुहेड़ा अब विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। इस साझेदारी के अंतर्गत विद्यार्थियों के समक्ष बायोमेडिकल साइंसेज से संबंधित औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की चुनौती का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत हकेंवि के विद्यार्थियों को कौशल विकास, रोजगार से पूर्व आवश्यक औद्योगिक प्रशिक्षण के लिए फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान रखने वाली पेनम लेबोरेट्री का सहयोग मिलेगा।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य • हकेंवि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा और पेनम लेबोरेट्री की ओर से डायरेक्टर आपरेशंस विकास पाण्डेय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य विद्यार्थियों को संबंधित क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग जगत के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं के विकास में सहयोग मिलेगा और उनके लिए पढ़ाई के बाद इंडस्ट्री में उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, कौशल एवं व्यावसायिक अध्ययन विभाग के संयोजक प्रो. पवन मौर्य, बीवाक बायोमेडिकल साइंसेज के संयोजक डा. विकास सैनी भी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
रोहतक -महेन्द्रगढ़
13 Apr 2022

केंवि विद्यार्थियों का होगा कौशल विकास

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ और पेनम लेबोरेट्री लिमिटेड धारूहेडा अब विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की चुनौती का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

CUH signed MoU with Penam Laboratories

Newspaper: Amar Ujala **Date: 13-04-2022**

औद्योगिक साझेदारी से विद्यार्थियों का होगा कौशल विकास

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेविवि) महेंद्रगढ़ और पेनम लेबोरेट्री लिमिटेड, धारुहेड़ा अब विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है।

इस सांझेदारी के अंतर्गत विद्यार्थियों के समक्ष बायोमेडिकल साइंसेज से संबंधित औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की चुनौती का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा और पेनम लेबोरेट्री की ओर से निदेशक ऑपरेशंस विकास पांडेय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य विद्यार्थियों को संबंधित क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग जगत के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, कौशल एवं व्यवसायिक अध्ययन विभाग के संयोजक प्रो. पवन मौर्य, बीवॉक बायोमेडिकल साइंसेज के संयोजक डॉ. विकास सैनी भी उपस्थित रहे।

ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य। संवाद

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Bhaskar **Date: 13-04-2022**

औद्योगिक साझेदारी से हकेंवि विद्यार्थियों का होगा कौशल विकास, पेनम लेबोरेट्री के साथ हुआ एमओयू

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि, महेंद्रगढ़ और पेनम लेबोरेट्री लिमिटेड, धारुहेडा अब विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। इस साझेदारी के अंतर्गत विद्यार्थियों के समक्ष बायोमेडिकल साइंसेज से संबंधित औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की चुनौती का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य।

इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत हकेंवि के विद्यार्थियों को कौशल विकास, रोजगार से पूर्व आवश्यक औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान रखने वाली पेनम लेबोरेट्री का सहयोग मिलेगा। विवि की ओर से कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा और पेनम लेबोरेट्री की ओर से डायरेक्टर ऑपरेशन्स विकास पांडेय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य विद्यार्थियों को संबंधित क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग जगत के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं के विकास में सहयोग मिलेगा और उनके लिए पढ़ाई के बाद इंडस्ट्री में उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, कौशल एवं व्यावसायिक अध्ययन विभाग के संयोजक प्रो. पवन मौर्य, बीवॉक बायोमेडिकल साइंसेज के संयोजक डॉ. विकास सैनी भी उपस्थित रहे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Jagran **Date: 13-04-2022**

औद्योगिक साझेदारी से होगा कौशल विकास : टंकेश्वर

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ और पेनम लेबोरेट्री लिमिटेड, धारुहेड़ा अब विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। इस साझेदारी के अंतर्गत विद्यार्थियों के समक्ष बायोमेडिकल साइंसेज से संबंधित औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की चुनौती का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत हकेंवि के विद्यार्थियों को कौशल विकास, रोजगार से पूर्व आवश्यक औद्योगिक प्रशिक्षण के लिए फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान रखने वाली पेनम लेबोरेट्री का सहयोग मिलेगा।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य • हकेंवि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा और पेनम लेबोरेट्री की ओर से डायरेक्टर आपरेशंस विकास पाण्डेय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य विद्यार्थियों को संबंधित क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग जगत के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं के विकास में सहयोग मिलेगा और उनके लिए पढ़ाई के बाद इंडस्ट्री में उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, कौशल एवं व्यावसायिक अध्ययन विभाग के संयोजक प्रो. पवन मौर्य, बीवाक बायोमेडिकल साइंसेज के संयोजक डा. विकास सैनी भी उपस्थित रहे।

Newspaper: Punjab Kesari **Date: 13-04-2022**

औद्योगिक साझेदारी से हकेंवि विद्यार्थियों का होगा कौशल विकास

■ विश्वविद्यालय ने पेनम लेबोरेट्री के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य।

महेंद्रगढ़, 12 अप्रैल (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ और पेनम लेबोरेट्री लिमिटेड, धारुहेडा अब विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। इस साझेदारी के अंतर्गत विद्यार्थियों के समक्ष बायोमेडिकल साइंसेज से संबंधित औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की चुनौती का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत हकेवि के विद्यार्थियों को कौशल विकास, रोजगार से पूर्व आवश्यक औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान रखने वाली पेनम लेबोरेट्री का सहयोग मिलेगा।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा और पेनम लेबोरेट्री की ओर से डायरेक्टर ऑपरेशन्स विकास पाण्डेय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य विद्यार्थियों को संबंधित क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग जगत के लिए तैयार करना है।

उन्होंने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं के विकास में सहयोग मिलेगा और उनके लिए पढ़ाई के बाद इंडस्ट्री में उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, कौशल एवं व्यावसासिक अध्ययन विभाग के संयोजक प्रो. पवन मौर्य, बी.वॉक. बायोमेडिकल साइंसेज के संयोजक डॉ. विकास सैनी भी उपस्थित रहे।

Newspaper: Haribhoomi **Date: 13-04-2022**

केंवि विद्यार्थियों का होगा कौशल विकास

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ और पेनम लेबोरेट्री लिमिटेड धारूहेडा अब विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की चुनौती का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

CUH signed MoU with Penam Laboratories

Newspaper: Amar Ujala **Date: 13-04-2022**

औद्योगिक साझेदारी से विद्यार्थियों का होगा कौशल विकास

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेविवि) महेंद्रगढ़ और पेनम लेबोरेट्री लिमिटेड, धारुहेड़ा अब विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है।

इस सांझेदारी के अंतर्गत विद्यार्थियों के समक्ष बायोमेडिकल साइंसेज से संबंधित औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की चुनौती का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा और पेनम लेबोरेट्री की ओर से निदेशक ऑपरेशंस विकास पांडेय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्‌देश्य विद्यार्थियों को संबंधित क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग जगत के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, कौशल एवं व्यवसायिक अध्ययन विभाग के संयोजक प्रो. पवन मौर्य, बीवॉक बायोमेडिकल साइंसेज के संयोजक डॉ. विकास सैनी भी उपस्थित रहे।

ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य। संवाद

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Bhaskar **Date: 13-04-2022**

औद्योगिक साझेदारी से हकेंवि विद्यार्थियों का होगा कौशल विकास, पेनम लेबोरेट्री के साथ हुआ एमओयू

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि, महेंद्रगढ़ और पेनम लेबोरेट्री लिमिटेड, धारुहेडा अब विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। इस साझेदारी के अंतर्गत विद्यार्थियों के समक्ष बायोमेडिकल साइंसेज से संबंधित औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की चुनौती का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य।

इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत हकेंवि के विद्यार्थियों को कौशल विकास, रोजगार से पूर्व आवश्यक औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान रखने वाली पेनम लेबोरेट्री का सहयोग मिलेगा। विवि की ओर से कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा और पेनम लेबोरेट्री की ओर से डायरेक्टर ऑपरेशन्स विकास पांडेय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य विद्यार्थियों को संबंधित क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग जगत के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं के विकास में सहयोग मिलेगा और उनके लिए पढ़ाई के बाद इंडस्ट्री में उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, कौशल एवं व्यावसायिक अध्ययन विभाग के संयोजक प्रो. पवन मौर्य, बीवॉक बायोमेडिकल साइंसेज के संयोजक डॉ. विकास सैनी भी उपस्थित रहे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Jagran **Date: 13-04-2022**

औद्योगिक साझेदारी से होगा कौशल विकास : टंकेश्वर

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ और पेनम लेबोरेट्री लिमिटेड, धारूहेड़ा अब विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। इस साझेदारी के अंतर्गत विद्यार्थियों के समक्ष बायोमेडिकल साइंसेज से संबंधित औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की चुनौती का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत हकेंवि के विद्यार्थियों को कौशल विकास, रोजगार से पूर्व आवश्यक औद्योगिक प्रशिक्षण के लिए फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान रखने वाली पेनम लेबोरेट्री का सहयोग मिलेगा।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य • हकेंवि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा और पेनम लेबोरेट्री की ओर से डायरेक्टर आपरेशंस विकास पाण्डेय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य विद्यार्थियों को संबंधित क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग जगत के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं के विकास में सहयोग मिलेगा और उनके लिए पढ़ाई के बाद इंडस्ट्री में उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, कौशल एवं व्यावसायिक अध्ययन विभाग के संयोजक प्रो. पवन मौर्य, बीवाक बायोमेडिकल साइंसेज के संयोजक डा. विकास सैनी भी उपस्थित रहे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Punjab Kesari **Date: 13-04-2022**

औद्योगिक साझेदारी से हकेंवि विद्यार्थियों का होगा कौशल विकास

■ **विश्वविद्यालय ने पेनम लेबोरेट्री के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर**

महेंद्रगढ़, 12 अप्रैल (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ और पेनम लेबोरेट्री लिमिटेड, धारुहेडा अब विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। इस साझेदारी के अंतर्गत विद्यार्थियों के समक्ष बायोमेडिकल साइंसेज से संबंधित औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की चुनौती का

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य।

समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत हकेवि के विद्यार्थियों को कौशल विकास, रोजगार से पूर्व आवश्यक औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान रखने वाली पेनम लेबोरेट्री का सहयोग मिलेगा।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा और पेनम लेबोरेट्री की ओर से डायरेक्टर ऑपरेशन्स विकास पाण्डेय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य विद्यार्थियों को संबंधित क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग जगत के लिए तैयार करना है।

उन्होंने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं के विकास में सहयोग मिलेगा और उनके लिए पढ़ाई के बाद इंडस्ट्री में उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, कौशल एवं व्यावसासिक अध्ययन विभाग के संयोजक प्रो. पवन मौर्य, बी.वॉक. बायोमेडिकल साइंसेज के संयोजक डॉ. विकास सैनी भी उपस्थित रहे।

केंवि विद्यार्थियों का होगा कौशल विकास

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ और पेनम लेबोरेट्री लिमिटेड धारूहेडा अब विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की चुनौती का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Jagran (Haryana, Delhi) **Date: 13-04-2022**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय

(नैक द्वारा 'ए' ग्रेड मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय)

महेंद्रगढ़ - 123031 (हरियाणा)

दाखिला सूचना 2022–23

स्नातक पाठ्यक्रम

क्र.	पाठ्यक्रम
1.	बी.वॉक. – रिटेल एंड लोजिस्टिक्स मैनेजमेंट
2.	बी.वॉक. – बायोमेडिकल साइंसेज
3.	बी.वॉक. – इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट
4.	बी.टेक. – कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग
5.	बी.टेक. – इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
6.	बी.टेक. – सिविल इंजीनियरिंग
7.	बी.टेक. – प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी
8.	बी.एससी. (ऑनर्स) – साइकलॉजी
9.	इंटीग्रेटेड बी.एससी. – एम.एससी. केमिस्ट्री
10.	इंटीग्रेटेड बी.एससी. – एम.एससी. मैथेमेटिक्स
11.	इंटीग्रेटेड बी.एससी. – एम.एससी. फिजिक्स

ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि

6 मई, 2022
सायं 5:00 बजे तक

परीक्षा की तिथि – जुलाई, 2022 के प्रथम व द्वितीय सप्ताह में

ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर

इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन

वाई-फाई परिसर

हरित व प्रदूषण मुक्त परिसर

विस्तृत विवरण के लिए www.nta.ac.in, https://cuet.samarth.ac.in या www.cuh.ac.in देखें।

कुलसचिव

पंजाब केसरी
WED,13 APRIL 2022
EDITION: REWARI KESARI, PAGE NO. 2

औद्योगिक साझेदारी से हकेंवि विद्यार्थियों का होगा कौशल विकास

■ विश्वविद्यालय ने पेनम लेबोरेट्री के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य।

महेंद्रगढ़, 12 अप्रैल (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ और पेनम लेबोरेट्री लिमिटेड, धारुहेडा अब विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। इस साझेदारी के अंतर्गत विद्यार्थियों के समक्ष बायोमेडिकल साइंसेज से संबंधित औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की चुनौती का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत हकेवि के विद्यार्थियों को कौशल विकास, रोजगार से पूर्व आवश्यक औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान रखने वाली पेनम लेबोरेट्री का सहयोग मिलेगा।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा और पेनम लेबोरेट्री की ओर से डायरेक्टर ऑपरेशन्स विकास पाण्डेय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य विद्यार्थियों को संबंधित क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग जगत के लिए तैयार करना है।

उन्होंने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं के विकास में सहयोग मिलेगा और उनके लिए पढ़ाई के बाद इंडस्ट्री में उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, कौशल एवं व्यावसासिक अध्ययन विभाग के संयोजक प्रो. पवन मौर्य, बी.वॉक. बायोमेडिकल साइंसेज के संयोजक डॉ. विकास सैनी भी उपस्थित रहे।

CENTRAL VARSITY, PVT LAB SIGN PACT

Mahendragarh: The Central University of Haryana (CUH) signed a memorandum of understanding (MoU) with Penam Laboratories Ltd for the training and placement of students. Vice-Chancellor Prof Tankeswar said the objective of the MoU was to provide students direct exposure to the functioning of industry. "Students will be able to enrich their knowledge and industrial skills so that they can fulfil recent industrial requirements",he added. The MoU was signed by Prof Sarika Sharma, Registrar on behalf of the CUH while Mr Vikas Pandey, director, operations, signed on behalf of Penam Laboratories Ltd.

कार्यशाला

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार कार्यशाला में बोले

बिना तनाव मन और रोग रहित शरीर सभी का जन्मसिद्ध अधिकार

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। आधुनिक युग में जो भौतिक सुख-सुविधाओं में उन्नति हुई है, उसका श्रेय निश्चय ही विज्ञान एवं तकनीकी को जाता है, परंतु इतनी सुख-सुविधाओं के बाद भी हम सबको एक प्रश्न अवश्य प्रतिदिन सोचना चाहिए कि क्या हम स्वस्थ हैं। क्या हम खुश है। क्या हम प्रकृति द्वारा उत्पन्न किए गए प्राकृतिक स्त्रोतों का उचित लाभ उठा रहे है। क्या हम अपने लक्ष्य की तरफ अग्रसर है। तनाव रहित मन और रोग रहित शरीर सभी का जन्मसिद्ध अधिकार है। लेकिन घर में और स्कूल में हमने कभी ये नहीं सीखा है कि कैसे नकारात्मक विचारों एवं भावनाओं को कैसे संभालें। वर्तमान में हमारे विद्यार्थी परीक्षा को लेकर बड़ी चिंता अवसाद एवं नकारात्मक विचारों का शिकार हो रहे है। बढ़ती प्रतियोगिता के कारण यह समस्या और भी विकट होती जा रही है। इसका एक ही उपाय है कि स्वयं को पहचाने ताकि कि ध्यान एवं सकारात्मक ऊर्जा हर व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में कुछ समय स्वयं को अवश्य दें।

उक्त विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ध्यान एवं कल्याण कल्ब द्वारा आयोजित कार्यशाला के दौरान संदेश के माध्यम से व्यक्त किए। कार्यक्रम में ध्यान एवं कल्याण शिक्षिका एवं ओरेंज बिजनेस सर्विसेज की वरिष्ठ विशेषज्ञ मेघा मेहता मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को ध्यान, योग, सकारात्मक ऊर्जा, मानसिक शक्तियों का बेहतर उपयोग, चिंता, अवसाद एवं नकारात्मक विचारों से परीक्षा के दौरान कैसे दूर रहें आदि विषयों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रकार की शारीरिक तथा मानसिक क्रियाओं का सजीवता से करके भी दिखाया। जिनका विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने तथा शिक्षको ने अभ्यास किया। इन क्रियाओं मे भ्रसिका, ध्यान, योग क्रियाएं आदि प्रमुख रहे। उन्होंने बताया कि ध्यान एवं योग द्वारा मनुष्य जो चाहे हासिल कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ें तथा योग एवं ध्यान को जीवन का विभिन्न अंग बनाए। कार्यशाला में प्रो. पवन मौर्या विभागाध्यक्ष जैव रसायन विभाग ने स्वागत भाषण दिया तथा डॉ. विकास सैनी, बायोमेडिकल साइंस विभाग ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया।

हकेंविवि की शिक्षिका हुईं कार्यशाला में शामिल

